हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 24 नवंबर 2024



# मंडल अध्यक्षों के लिए 45 की उम्र सीमा तय, जिला अध्यक्ष बनने 60 साल का दायरा

## भाजपा का संगठन चुनावः दिसंबर महीने में पूरी होगी प्रक्रिया, सक्रिय सदस्य को ही मिलेगा पद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सदस्यता अभियान के बाद अब भाजपा अपने संगठन चुनाव कराने जा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने नवंबर में बूथ चुनाव के समाप्त होने के बाद 1 से 15 दिसंबर तक मंडल और 15 से 30 दिसंबर तक जिला संगठनों का चुनाव कराने का फैसला किया है। बूथों का चुनाव 30 नवंबर को समाप्त हो जाएगा। खास बात यह है कि इस बार उम्र की सीमा भी पदों को लेकर तय कर दी गई है। मंडल अध्यक्ष के लिए 45 साल एवं जिला अध्यक्षों के लिए अधिकतम 60 वर्ष उम्र तय की गई है। इस दायरे में आने वाले नेताओं को ही अब जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

दिल्ली में संगठन चुनाव के साथ भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित वरिष्ठ नेताओं ने एक बैठक ली। इस बैठक में छत्तीसगढ़ से भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, चुनाव अधिकारी खूबचंद पारख, चुनाव समिति के सदस्य रूपकुमारी चौधरी, मधुसूदन यादव भी शामिल हुए। प्रदेश संगठन द्वारा राष्ट्रीय संगठन को सदस्यता अभियान की रिपोर्ट भी दी गई। दिल्ली में मुख्य रूप से संगठन चुनाव को लेकर हुई बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने सभी राज्यों के चुनाव अधिकारियों और सदस्यों को मंडल और जिलों में चुनाव की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इसी के साथ मंडल और जिलों के चुनाव भी तय कर दिए गए हैं।

### मंडल और जिले के बाद प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव

जिलों के चुनाव बाद राज्यों के अध्यक्षों पर फैसला होगा। इसके पहले दिल्ली में एक बार फिर से 30 दिसंबर को बैठक आयोजित की जाएगी। जनवरी में पहले राज्यों के अध्यक्ष और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। नया अध्यक्ष तय करने से पहले सभी राज्यों में संगठन के चुनाव कराए जाने को कहा गया है।

### बने डेढ़ लाख सदस्य

जिले में भाजपा ने अपने डेढ़ लाख नए सदस्य बना लिए है। वहीं 50 या इससे अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने वाले नेताओं को सक्रिय सदस्य का तमगा दिया गया है। वरिष्ठ नेताओं ने केवल विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ही अपना टारगेट पूरा किया है। वहीं सांसद ने अपने कोटे से करीबन 10 हजार लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई है।



### बूथों में चुने जा रहे अध्यक्ष

अगले महीने से शुरू होने वाली मंडल एवं जिला अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया से पहले जिले में सभी बूथ पर चुनाव शुरू हो गए हैं। बूथ अध्यक्ष के पद पर नेताओं का चयन किया जा रहा है। खास बात यह है कि सभी पदों पर उन्हीं नेताओं का चयन होगा। जिसने सदस्यता अभियान के तहत कम से कम 50 सदस्यों को जोड़ा होगा।

---


## हर शनिवार विषय विशेषज्ञ लेंगे जिला स्तर पर कार्यशाला

# होनहारों को महीनेभर की ट्रेनिंग देंगे अब विशेषज्ञ, तीन स्तर पर पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बोर्ड परीक्षा में जिले के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों की स्थिति सुधारने एवं बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए जिला शिक्षा विभाग ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। शनिवार को विषय विशेषज्ञों की एक बैठक कर बेहतर अध्ययन कार्य के लिए एक कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसके अनुसार श्रेणीवार बच्चों को बांटकर परीक्षा के लिए विशेषज्ञों द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी।

इसके साथ ही छैमाही परीक्षा को लेकर भी समय निर्धारित कर दिया गया है। जिलेभर में 13 से 21 दिसंबर के मध्य परीक्षा कराई जाएगी। छैमाही परीक्षा की स्कूलवार समीक्षा कर कमजोर बच्चों पर फोकस करने कहा गया है। इसके साथ ही दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा से पहले सभी बच्चों को विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए जाने वाली प्रश्न बैंक भी उपलब्ध कराई जाएगी। सभी स्कूलों को इस प्रश्न बैंक के आधार पर ही विशेष कक्षा लगाने के लिए भी कहा जाएगा। डीईओ प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि 36 विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की उपस्थिति में कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। जिसके अनुसार ही सभी स्कूलों में आने वाले दिनों में अध्ययन कराया जाएगा। इस कार्ययोजना की मॉनिटरिंग के लिए भेड़ीकला के प्राचार्य मनोज चौहान को जिम्मा सौंपा गया है।



### कार्ययोजना तैयार की

छमाही परीक्षा के साथ ही बोर्ड परीक्षा को लेकर विशेष कोचिंग को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई है। कमजोर बच्चो पर फोकस करने के साथ ही मेरिट सूची में आने की काबिलियत रखने वालो को विशेषज्ञों द्वारा ट्रेनिंग देंगे।

**- प्रवास सिंह बघेल**
जिला शिक्षा अधिकारी

### हर विषय के बनेंगे पांच सेट

*बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को पुख्ता करने के लिए जिला शिक्षा विभाग विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रश्न बैंक तैयार करवा रहा है। हर विषय के पांच सेट के प्रश्न बैंक तैयार किए जाएंगे। इन प्रश्न बैंक के जरिये ही बच्चों को बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही सभी सरकारी स्कूलों को भी इससे पढ़ाने के निर्देश दिए जाएंगे।*

### प्रतियोगी परीक्षा की भी तैयारी

*शिक्षा विभाग होनहार छात्रों को केवल बोर्ड परीक्षा के लिए ही तैयार नहीं करेगा, बल्कि इन विद्यार्थियों को जिला स्तर पर प्रतियोगी परीक्षा की भी ट्रेनिंग दी जाएगी। बताया गया कि बोर्ड के साथ ही नीट, जेईई और क्लैट जैसी परीक्षाओं को ध्यान में रखते बच्चों की तार्किक एवं रीजनींग क्षमता को बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।*

### जिला, ब्लॉक स्तर पर होगी पढ़ाई

बैठक में यह तय किया गया कि छैमाही परीक्षा परिणाम के आधार पर बच्चों को तीन स्तर पर बांटा जाएगा। इनमें कमजोर, औसत एवं मेरिट योग्य श्रेणी तय की गई है। वहीं 90 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को जिला स्तर पर 30 दिवसीय विशेष कोचिंग दी जाएगी। वहीं 80 से 90 फीसद अंक हासिल करने वाले छात्रों को ब्लॉक स्तर पर हर शनिवार एवं रविवार को ट्रेनिंग मिलेगी। इसके अलावा कमजोर बच्चों को शाला स्तर पर ही फरवरी माह तक अभ्यास कराया जाएगा।

---

# एनसीसी दिवस आज स्टेट स्कूल में आयोजन


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

76वां एनसीसी दिवस समारोह के आयोजन को लेकर एनसीसी कैडेटों द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में रविवार सुबह 9 बजे कैडेटों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता के साथ आयोजन संपन्न होगा। एनसीसी दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग शामिल होंगे और परेड की सलामी लेंगे।

प्रतिवर्ष नवंबर माह के अंतिम रविवार को एनसीसी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में 76वां एनसीसी दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर बीते कुछ दिनों से एनसीसी कैडेटों ने सेक्शन अटैक के साथ आकर्षक मार्चपास्ट का अभ्यास किया है। एनसीसी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान ध्वजारोहण पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण होगा। वहीं एनसीसी कैडेटों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया जाएगा। जिसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा एनसीसी कैडेटों को एनसीसी शपथ दिलाई जाएगी। वहीं संदेशवाचन के बाद वार्षिक प्रतिवदेन पढ़ा जाएगा।

# सफाई ठप, बजबजा रही नालियां मच्छरों के आतंक से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के विभिन्न वार्डों में नालियों की साफ-सफाई अपर्याप्त होने के चलते नालियां गंदगी से बजबजा रही है। जिसके चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। इस समस्या से आम लोगों को हलाकान होना पड़ रहा है।



शहर में साफ-सफाई का हाल बेहाल है। सफाई के बाद कचरों को एक जगह एकत्र करने वाले स्थान से समय रहते निकासी नहीं किए जाने से कचरे आसपास फैलते रहते हैं। वहीं दूर-दूर तक दुर्गंध उठती रहती है। इसके अलावा छोटी-बड़ी नालियां गंदगी से बजबजा रही है।

**दुर्गंध फैल रही :** शहर के ममता नगर, तुलसीपुर, नवागांव, मोतीपुर, लखोली, कन्हारपुरी, वर्धमान नगर, चिखली, बांसपाई पारा, दिवानपारा, सोनारपारा, हाट बाजार इलाका, स्टेशनपारा सहित अन्य इलाकों में कई स्थानों पर छोटी-बड़ी नालियों की नियमित रूप से साफ-सफाई का अभाव है। जिसके चलते नालियां गंदगी से बजबजा रही है। जिससे दुर्गन्ध फैल रही है।

### शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप

इस समस्या के चलते ग्रामीण वार्डों से लेकर शहरी क्षेत्र में मच्छर पनप रहे हैं। मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से आम लोगों को हलाकान होना पड़ रहा है। शाम होते ही मच्छरों के प्रकोप से लोग हलाकान होने लगे हैं। मच्छरों से राहत पाने लोगों को विविध साधनों का उपयोग करना पड़ रहा है।

---

# महंगाई ने बिगाड़ा बजट, कैटरिंग से लेकर घोड़ी-बाजा के दाम बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



तुलसी विवाह देवउठनी एकादशी के बाद से शुभ मुहूर्तों का क्रम शुरू हो चुका है। लगातार वैवाहिक मुहूर्तों के चलते वैवाहिक आयोजनों की धूम है। हालांकि सब्जियो से लेकर तेल व अन्य सामाग्रियो के दाम बढ़ने की वजह से परिवारो के बजट पर असर दिखा है। वहीं कैटरिंग से लेकर घोड़ी और बैंड की बुकिंग के दाम भी बढ़ गए है। जिसकी वजह से शादियो का खर्चा भी बढ़ गया है। वहीं दूसरी ओर लोगों की व्यस्तता भी बनी हुई है। वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए बाजार में खरीदी करने का दौर भी जारी है। उल्लेखनीय है कि लोगों को काफी समय से शुभ मुहूर्तों का इंतजार बना हुआ था। देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह पर्व के बाद से अब नवंबर एवं दिसंबर माह में लगातार वैवाहिक मुहूर्तों का क्रम बना हुआ है। जिससे लोगों की व्यस्तता बनी हुई है।

**सार्वजनिक भवन बुक**

जिनके यहां वैवाहिक आयोजन होने हैं, उन्होंने पूर्व से ही सार्वजनिक भवनों को आरक्षित कर लिया है। इसके अलावा होटल-लान इत्यादी भी पूर्व से ही आरक्षित है। वैवाहिक आयोजनों से जुड़े व्यवसायी भी इन दिनों व्यस्त हैं। जिसमें कैटरिंग, डेकोरेशन, बाजे-गाजे भी पूर्व से आरक्षित करा लिए गए हैं।

**नवंबर-दिसंबर में गिने-चुने मुहूर्त**

पंचाग के मुताबिक नवंबर माह में आगामी दिनों 22, 23, 24 व 25 तारीख को शुभ वैवाहिक मुहूर्त है। इसी तरह दिसंबर माह में 2, 3, 4, 10, 13 व 15 तारीख को वैवाहिक मुहूर्त है। अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से वर्ष के समापन माह दिसंबर में 6 मुहूर्त है। तत्पश्चात अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से नववर्ष जनवरी से पुनः वैवाहिक मुहूर्त है।

### बाजार में बढ़ी चहल-पहल

इधर बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा चहल-पहल भी बढ़ी है। जिससे बाजार में रौनक बनी हुई है।वैवाहिक आयोजनों से संबंधित सामग्रियों की मांग लोगों के बीच है। बाजार में आभूषण, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक सामान, बर्तन, फर्नीचर सहित अन्य दुकानों में लोगों की बेहतर उपस्थिति बन रही है और खरीदी भी जारी है।

# चौपाटी के पास महिला से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

- रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध, पुलिस की विवेचना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक महिला से गाली-गालौज करते हुए छेड़छाड़ किए जाने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 22 नवंबर को प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 11 नवंबर को हास्पिटल जा रही थी, तब रानीसागर वाले रास्ते में चौपाटी के पास आरोपी डुरेन्द्र दास वैष्णव उससे छेड़खानी किया। प्रार्थिया गाड़ी चला रही थी तो उसका हाथ पकड़ के खींचा, उसके बाद जब वह नहीं रूकी तो गाली-गलौज किया। आरोपी पीछा करते करते पेट्रोल पंप तक आ गया, जब वह दूसरों से मदद ली तो तुम लोगों को देख लूंगा, करके वहां से चला गया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

इस मामले में बसंतपुर पुलिस ने 23 नवंबर को आरोपी डुरेन्द्र दास वैष्णव 32 वर्ष निवासी वार्ड नं. 50 सिंगदई को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की। अपराध घटित करना कबूलने पर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

24 घंटे आपात चिकित्सा
- एक्सीडेंट
- जहर का सेवन
- लीवर फेलयर
- किडनी फेलयर
- हार्ट अटैक
- ब्रेन हेमरेज
- पीलिया • लकवा

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
- गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
- नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## खबर संक्षेप

### वाय शेप ओवर ब्रिज को मिली स्वीकृति



**डोंगरगढ़।** शहर में वाय शेप ओवर ब्रिज निर्माण की मांग नगरवासियों और कई संस्थाओं ने रखी थी। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने इस मांग को बजट सत्र में उठाया था। प्रशासन ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए स्वीकृति प्रदान कर दी। बजट में स्वीकृति मिलने के बाद जल्द ही निर्माण प्रारंभ हो जाएगा।इसके निर्माण से मेला के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही से होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी। स्वीकृति के लिए विधायक बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव को धन्यवाद दिया है।

### शिक्षक जल्द बनेंगे मिडिल स्कूल के एचएम

**डोंगरगढ़।** जिला टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपी वर्मा के नेतृत्व में



प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों संयुक्त संचालक दुर्ग से मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान उच्च वर्ग शिक्षक से प्रधान पाठक माध्यमिक शाला की पदोन्नति, सहायक शिक्षक से उच्च वर्ग शिक्षक की पदोन्नति, संविलियन पूर्व सेवा के अवकाशों के संधारण पर चर्चा किया गया। संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर ने बताया कि प्रधानपाठक की पदोन्नति 26 नवंबर तक कर सूची जारी कर दी जाएगी। दुर्ग संभाग शिक्षा विभाग में 600, एवं 100 ट्राइबल के पदों पर काउंसिलिंग बाद पोस्टिंग किया जाएगा। संगठन ने सहायक शिक्षक की पदोन्नति, संविलियन पूर्व के अवकाशों का संधारण कराने का निवेदन किया। मुलाकात के दौरान हंस कुमार मेश्राम, मनोज वर्मा, रतिराम कन्नौजे, गिरीश हिरवानी, किशन देशमुख उपस्थित थे।

### नक्सल पीड़ितों के लिए 15 हजार आवास स्वीकृत

**डोंगरगढ़।** नक्सलवाद से पीड़ति परिवारों के लिए विशेष परियोजना अंतर्गत 15 हजार आवास की स्वीकृति दी गई है। पुनर्वास नीति अंतर्गत



प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नक्सल पीड़ति परिवारों को मिलेगा। प्रभावित परिवारों के लिए लड़ाई लड़ रहे धीरेन्द्र साहू ने बताया कि सभी पीड़ति परिवार ग्राम छोड़कर अन्य जगह झोपडी में जीवन यापन कर रहे है। सभी आवास की मांग कर रहे थे जिसे सरकार ने मान लिया है। इस स्वीकृति के लिए पीड़ति परिवारों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार जताया है।

### शिविर में मरीजों की जांच

**मेढा।** किशोरी बालिकाओं की परेशानियों को दूर करने माटेकटा में



कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं सीएमएचओ डॉ नेतराम नवरत्न के निर्देश पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। एनीमिया मुक्ति के लिए किशोरी बालिकाओं से विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर व्यायाम, योग करने, पैदल चालन, भरपूर निद्रा, स्वस्थ्य मनोरंजन, मौसमी फल, साग सब्जी का सेवन करने का सुझाव दिया गया। सहायक नोडल अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में सर्दी बुखार के 12, पेट दर्द का एक, त्वचा रोग के 4, मोतियाबिंद के 3, मलेरिया, कुष्ठ, बीपी, शुगर के 71, हीमोग्लोबिन 14 एवं टीवी के दो संभावित मरीज पाए गए। डीपीएम संदीप ताम्रकार ने शरीर की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने की सलाह दिया। इस अवसर पर तीजनबाई, बिरझ, भोलीबाई, चित्रलेखा, सुनीति, मेहतरीन, सरोज, रामबाई, उदासा, डीनेश पटेल, तीजन बाई, राधाबाई आदि मौजूद थे।

### बच्चों को स्वास्थ्य के लिए किया जागरूक

**बोरतलाब।** ग्राम पंचायत भगवानटोला में एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर युवा मंच के सहयोग से पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के



बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को होने वाली स्वास्थ्य गत तकलीफों के लक्षण, कारण, सावधानी के बारे में एसबीआई संजीवनी टीम ने बताया। पेड़ो की कटाई से उत्पन्न स्थिति से अवगत कराते हुए सभी पौधरोपण करने कहा गया। इस मौके पर जिला समन्वयक योगेश चौहान, डॉ ईश्वर यादव, मनोज कश्यप, आशीष साहू, दीपिका जोशी, लिखिल सहारे, तीर्थ सिन्हा, संतोषसिंह चक्रवर्ती, लुकेश चंद्रवंशी, हेमंत कौशिक आदि मौजूद थे।

### मुसरा के छात्रों ने किया हॉस्पिटल का भ्रमण



**मुसराकला।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुसरा की कक्षा बारहवी के हेल्थ केयर के 36 विद्यार्थियों ने गत दिनों प्रशिक्षक संजय कुमार ठाकुर के नेतृत्व तथा प्रभारी प्राचार्य कौशल राम चंद्रवंशी की नेतृत्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुसरा का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य केंद्र में होने वाले बाह्य रोगी विभाग में मरीजो की जांच, रक्तचाप मापना, रक्त जांच, दवाइयों का वितरण, आतंरिक रोग विभाग में प्रसव पश्चात माता की देखभाल, माता और संतान के लिए जरुरी पोषण आदि के बारे में जानकारी हासिल किया। स्वास्थ्य कर्मी डॉ. दानेश सिन्हा, वैशाली बोरकर, ललिता मेश्राम, यशोदा मंडावी, रुबीना अंजुम, बेबी कुमारी, निथ्लेश्वरी कश्यप, पुष्पा जोशी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

## निधन



### शांतिबाई मानिकपुरी

**सड़क चिरचारी।** ग्राम के यशवंतदास मानिकपुरी की भाभी शांतिबाई मानिकपुरी का 23 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामीण शामिल हुए। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

## रेल यात्री परेशान, जान जोखिम में डालकर चढ़ रहे ट्रेन में

# प्लेटफार्म के बाहर खड़ी हो रही इंटरसिटी एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

यात्री इन दिनों रेलवे की व्यवस्था से खासे परेशान हैं। नागपुर से बिलासपुर की ओर जाने वाली ट्रेने प्लेटफार्म नंबर तीन पर आती हैं किन्तु इन दिनों प्लेटफार्म के बाहर खड़ी हो रही है। ट्रेन की चार से आठ बोगी जिसमें जनरल एवं थ्री टायर शामिल है के प्लेटफार्म के बाहर खड़े होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में अधिकारियों से कई बार शिकायत हो चुकी है किन्तु सुधार की पहल अब तक नहीं किया गया है।

जानकारी के अनुसार सुबह आने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस अक्सर 3 नंबर प्लेटफार्म में खड़ी होती है। इस समय पर यात्रियों की अत्यधिक भीड़ रहती है। यात्री प्लेटफार्म के नीचे उतरकर जान जोखिम में डालकर ट्रेन में किसी तरह बैठते हैं। देखने में आया है कि बुजुर्ग एवं बीमार यात्री चढ़ नहीं पाते और ट्रेन छूट जाती है। महिला



यात्रियों को परेशानी उठाना पड़ रहा है। इसकी जानकारी रेल अधिकारियों को देने के बाद भी रेल्वे कोई निर्णय नहीं ले रहा है। स्थानीय अधिकारी यह कहकर मामले को टाल है कि वह उच्च अधिकारियों से बात करेंगे। गौरतलब है कि जब इंटरसिटी एक्सप्रेस आती है तब पटरी के दोनों ओर मालगाड़ियां खड़ी रहती है जिससे दुर्घटना होने की आशंका रहती है। नागरिकों ने उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर निजात दिलाने की मांग करते हुए आंदोलन करने की चेतावनी दी है। डोंगरगढ़ विकास मंच के सचिव केके वर्मा रेल अधिकारियों को कई बार पत्र लिखकर एवं मौखिक इस त्रुटि से अवगत करा चुके हैं किंतु सुधार की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है।

## पंचायत क्षेत्र बदलने से ग्रामीण नाराज

**छुरिया।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्रों का निर्धारण करते हुए प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है। गैंदाटोला क्षेत्र के आसपास की ग्राम पंचायत मासूल, जयसिंग टोला ,टीपानगढ़, कल्लू बंजारी, घोटिया, भकुर्रा, मातेखेड़ा, दामा बंजारी, मेटेपार, कुहीकला, सागर, गैंदाटोला, गहिराभेड़ी, सीताकसा, पदगुड़ा, बिटाल, खुर्सीपार, कोलिहालमती, फांफामार, आलीवारा, पठान ढोड़गी, हैदलकोड़ो, बागद्वार, बेलरगोंदी, गर्रापार, जोशी लमती, केशाल, घुपसाल कु, दैहान, आतरगांव, मुंजाल पाथरी, चिरचारी कला, मुंजाल कला, बादराटोला केरेगांव आदि क्षेत्र क्रमांक 12 में सम्मिलित थे।

सभी ग्राम पंचायत गैंदाटोला से लगभग 8 से 10 किलोमीटर के दायरे में स्थित है। वर्तमान परिसीमन में ग्राम पंचायत मासूल, जयसिंग टोला, टिपानगढ़ ,कल्लू बंजारी, घोटिया, भकुर्रा, मातेखेड़ा, दामा बंजारी, मेटेपार, कुहीकला, आलीवारा को अलग करते हुए क्षेत्र क्रमांक 11 बम्हनी चारभांटा में जोड़ा गया है। यह सभी ग्राम पंचायत गैंदाटोला से 2 से 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इन ग्राम पंचायत को पृथक कर गैंदाटोला से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी स्थित ग्राम पंचायत भंडारपुर, मगरधोखरा, पुर्रामटोला, भोलापुर, पांडेटोला, जरहा महका, शिकारीटोला, कल्लूटोला, झितराटोला, हालेकोसा, शिकारीटोला को जोड़ा गया है जो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

### नेता को लाभ पहुंचाने फेरबदल

जानकारी के अनुसार जिला भाजपा के एक नेता को राजनीतिक लाभ पहुंचाने के लिए अधिकारियों द्वारा यह खेल किया गया है। प्रशासन के इस फैसले से गैंदाटोला क्षेत्र के ग्रामीण अंचभित एवं दुखी हैं। ग्रामीणों ने सभी पंचायतों को पूर्ववत रखने की मांग की है।

## प्लेसमेंट कर्मचारियों का धरना जारी



**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारी बीते गुरुवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है जिसके कारण अधिकांश कार्य बाधित होने लगे हैं।

सभी कर्मचारी अंबेडकर पार्क के पास धरना पर बैठकर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद कर रहे हैं। कर्मचारियों के मांगो को जायज बताते हुए पार्षद, अध्यक्ष, व्यापारी आदि धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दे रहे हैं। शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन, कांग्रेस नेता शैलेंद्र जायसवाल, विधायक प्रवक्ता अमित टंडन, पार्षद नारायण चतुर्वेदी, व्यापारी धनुष यादव ने अपना समर्थन दिया। हड़ताल के तीसरे दिन नगर पंचायत उपाध्यक्ष जाबिद खान, पार्षद टुममन साहू भी समर्थन देने धरना स्थल पर पहुंचे थे।

### कर्मचारियों में नाराजगी

नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारी आश्वासन और घोषणा पर अमल नहीं होने से आक्रोशित हैं। प्लेसमेंट कर्मचारी संघ गंडई के अध्यक्ष नवीन नामदेव ने बताया कि संघ ने 10 वर्षों से कार्यरत कर्मी को समायोजित करने, 4000 श्रम सम्मान की राशि प्रदान करने एवं ठेका प्रथा बंद करने की मांग किया है।

## भूतपूर्व छात्रों ने दिए खास सुझाव

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में भूतपूर्व छात्रों की बैठक आयोजित की गई । सर्वप्रथम अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. आरआर कोचे ने पूर्व छात्र-छात्राओं को बैठक के उद्देश्यों एवं क्रियाकलापों के बारे में बताया। भूतपूर्व विद्यार्थियों ने वर्तमान छात्र-छात्राओं को अधिक अंक अर्जित के सुझाव दिए। भूतपूर्व छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी, सेट-नेट परीक्षा के लिए आवश्यक सामाग्री उपलब्ध कराने के सुझाव दिए। अंत में सहायक प्राध्यापक मनीषा भेड़िया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



# पंचायत के कार्यों में अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलकसा

ग्राम पंचायत भैसरा किसी न किसी वजह से सुर्खियों में रहती है। पंचायत के निर्माण कार्यों में अनियमितताओं के लिए कई शिकायतें ग्रामीण करते रहे हैं लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत के चलते कार्रवाई शून्य रही है। अब तालाब में पाइप का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2020-21 में ग्राम पंचायत ने 15 नग पाइप 39975 की लागत से खरीदा था। तीन पाइप को तालाब में बरसाती पानी की निकासी के लिए लगाया जाना था किंतु वर्तमान में पाइप गायब है। ग्राम के राजू यादव, हेमलाल सिन्हा, नेतराम यादव, पूर्व सरपंच बुधराम वर्मा, गजा ठाकुर सहित अन्य ने बताया कि सरपंच-सचिव की मिलीभगत से तालाब के पाईप का कही और उपयोग किया जा रहा है।



### नियमों का उल्लंघन

राजू यादव ने एक माह पहले उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी थी। मियाद खत्म होने के बाद भी जानकारी नहीं दी गई है। यहां सरकारी नियमों को उल्लंघन सचिव द्वारा किया जा रहा है। इससे पहले भी कई आवदेन पर जानकारी नहीं दिया गया है। कुछ मामले अपील में है।

### आरोपों से घिरी पंचायत

ग्राम पंचायत भैसरा में कुछ वर्ष पूर्व रोजगार गारंटी के काम में तत्कालीन रोजगार सहायक द्वारा मस्टरोल में ज्यादा हाजरी भरने का मामला सामने आया था। जांच में रोजगार सहायक दोषी पाए जाने पर उसे दण्डित किया गया था। राशि भी वसूल किया गया था।

### सुविधाओं से वंचित गांव

पंचायत का आश्रित ग्राम कटली में सड़क, पानी, बिजली जैसी सुविधा ग्रामीणों को नहीं मिल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में कीचड़ होने से चलना दूभर हो जाता है। कलकसा से कटली सड़क का बुरा हाल है फिर भी सरपंच द्वारा विकास के लिए पहल नहीं की जा रहा है।

# चार गुना मुआवजा और एक को नौकरी की मांग उठी

**डोंगरगढ़।** कोलेंद्रा में किसानों की बैठक में डोंगरगढ़ से कटघोरा रेलवे निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति संचालन हेतु सात सदस्य टीम का गठन करते हुए उसमें बिजे, कमलेश साहू, अमित वर्मा, रायसिंह वर्मा, नरेंद्रदास, डाकेश्वर वर्मा, भारद्वाज वर्मा को शामिल किया गया। बैठक में किसानो ने सर्वसम्मति से परिवार के एक सदस्य को रेलवे में नौकरी तथा जमीन का चार गुना मुआवजा मिलने पर ही कार्य प्रारंभ करने देने का निर्णय लिया। अनुविभागीय अधिकारी के नाम का ज्ञापन



तहसीलदार श्री ठाकुर को सौंपा गया। बैठक में पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, सुरेश सिन्हा, नेतराम साहू, नंदकिशोर, लालसिंह चंद्रवंशी, बलिराम, बुधराम वर्मा, सामसाय टांडेकर, फत्तू वर्मा, लालाराम वर्मा, राजू वर्मा, दिनेतू प्रकाश जांगड़े, फगवाराम वर्मा, खेमचंद वर्मा, भागचंद वर्मा, हंसराम, गोपाल कंवर, राजकुमार, नैनसिंह, शेषनारायण, त्रिवेणी वर्मा, रवि प्रकाश साहू, रामदीन साहू, माणिक वर्मा, प्रहलाद कंवर, प्रहलाद वर्मा, दीपक वर्मा, आशीष वर्मा, डोमेश्वर वर्मा, चंद्रहंस लोधी, कीर्तन मंडावी, रंजीत भारती, प्रदेश वर्मा, जयराम कंवर, महेंद्रकुमार, चिंत्राराम वर्मा, धर्मदास खरे, दिनेश कुमार, दीपक कुमार, अमित वर्मा आदि उपस्थित थे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## महिलाओं ने स्कूल परिसर में की सफाई



**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला में संगम महिला ग्राम संगठन समूह की महिलाओं ने शाला परिसर एवं किचन गार्डन की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधान पाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी, तिलक साहू, दिनेश्वरी मंडावी, दीपा साहू, भेदबाई वर्मा, वेनु वर्मा, भारती साहू, लता मंडावी, सावित्रीबाई मंडावी आदि उपस्थित थे।

KS GROUP
PUNJAB | INDIA
KS 9300 SELF PROPELLED COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
130+ CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# नगर पालिका में अधोसंरचना मद के 55 में से 33 कामों की निविदा निरस्त

## 33% से उपर विलो दर पर चंद्राकर कंस्ट्रक्शन लगाएगी हाईमास्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ठेकेदारों के बीच चल रही प्रतिस्पर्धा ने नगर पालिका में सालों से चल रही परंपरा को इस दफे छिन्न-भिन्न कर दिया है, जो काम पहले 10 से 12 प्रतिशत एबव में सालों से दिया जा रहा था वो प्रतियोगिता या फिर यह कहे कि नपा में वर्चस्व बनाए रखने 30 प्रतिशत तक बिलो में जा रहा हैं।

शनिवार को सांसद संतोष पांडेय की अनुशंसा से स्वीकृत 2 करोड़ 98 लाख 42 हजार के कार्यों की निविदा खुली, लेकिन कोरम के अभाव में 55 में से 33 काम निरस्त हो गया वही दूसरी तरफ वार्ड 4 राजफेमिली, वार्ड 7 जय स्तंभ चौंक, वार्ड 9 इतवारी बाजार में लगने वाले हाईमास्क लाइट का काम क्रमशः 33.59 प्रतिशत, 31.73 प्रतिशत और 31.31 प्रतिशत बिलो दर पर ठेकेदार अमित चंद्राकर की निर्माण एजेंसी चंद्राकर कंस्ट्रक्शन को मिला है। शेष 19 काम भी प्रतियोगिता के चलते बिलो रेट मे ही गया।

22.66 प्रतिशत बिलो रेट में मणिकंचन केंद्र का काम ठेकेदार प्रकाश सिंह को मिला। 6 काम ठेकेदार सीबी तिवारी के अथर्व एसोसिएट्स को अधिकतम 20 प्रतिशत बिलो रेट पर मिला। ठेकेदार तरुण सिंह को 3 काम अधिकतम बिलो रेट 21.27 प्रतिशत पर हासिल हुआ। इस तरह ठेकेदार प्रकाश सिंह को 3 काम, ठेकेदार गोरेलाल वर्मा को 19.00 प्रतिशत और ठेकेदार अनिमेष सिंह के हक इंटर प्राइजेस को 18.38 बिलो रेट पर मंच निर्माण का काम मिला। निविदा प्रक्रिया में फॉर्म खरीदने के दौरान अथर्व एसोसिएट्स, हक इंटरप्राइजेस व ठेकेदार तरुण सिंह के बीच सीधी प्रतियोगिता थी लेकिन अंतिम समय में अथर्व और हक ने फॉर्म ही जमा नही किया जिसके चलते नियम अनुसार काम केंसिल हो गया।

### भरेगा नपा का खजाना

पहली बार ठेकेदारों के बीच चल रही प्रतियोगिता का फायदा नगर पालिका को होगा। नियम अनुसार प्रक्रिया के 15 दिवस के भीतर कार्य आदेश से पहले सभी ठेकेदारों को स्वीकृत दर और बिलो रेट में काम लेने के कारण अंतर की राशि जमा करनी होगी जिसके बाद ही कार्य आदेश जारी होगा। इससे पहले पहले 15 वें वित्त के 2 करोड़ 39 लाख के 57 काम और उसके बाद अधोसंरचना मद के 2 करोड़ 98 लाख 42 हजार के 55 कार्यों की निविदा बिलो दर पर जाने व 33 कामों के निरस्त होने के बाद अब निगाहें एक बार फिर नपा प्रशासन पर है कि क्या बाकी काम भी निरस्त होंगें और फिर से दुबारा नए सिरे से निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया की जाएगी या फिर अंतर राशि जमा कराकर कार्य आदेश जारी किया जाएगा।

### शासन स्तर पर बिलो रेट से बचता है पैसा

पंद्रहवें वित्त से स्वीकृत 2 करोड़ 39 लाख रूपयो का दूसरी बार मे खुलने वाले निविदा में सारे 57 काम पंद्रह से बीस प्रतिशत के बीच बिलो रेट में गया था। निविदा खुलने के बाद 57 में से 33 काम तरुण सिंह को और निविदा फार्म नही मिलने पर हाईकोर्ट के आदेश से निविदा प्रक्रिया मे भाग लेने वाले अथर्व एसोसिएट को 5 और हक इंटरप्राइजेस को 1 काम मिला है। 57 कामों की सूची में कुल 33 काम ठेकेदार तरुण सिंह के खाते में आया है जबकि दूसरे स्थान पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष ठेकेदार आयश सिंह बोनी के सिंह एसोसिएट को 11 काम मिला है। नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर के भतीजे ठेकेदार अमित चंद्राकर के चंद्राकर एसोसिएट को 4 काम, ठेकेदार प्रकाश सिंह ठाकुर को 2 और पांडादाह मंडल महामंत्री ठेकेदार गोरेलाल वर्मा को 1 काम मिला है। पहली निविदा प्रक्रिया के दौरान निविदा फार्म से वंचित दो फर्मों के कोर्ट जाने से मामला पूरी तरह बिगड़ गया और दूसरी बार की प्रक्रिया में लगभग सभी ने बिलो रेट में आवेदन जमा किया। पंद्रहवें वित्त के बाद अधोसरंचना मद से जारी निविदा में यही हुआ हालांकि निविदा प्रक्रिया में शासन स्तर पर बिलो दरों को बेहतर माना जाता है इससे शासन की राशि बचती है और ठेकेदार काम हासिल करने आपसी प्रतिस्पर्धा करते है, लेकिन जब एबव दरों पर निविदा भरी जाती है। तो यह माना जाता है कि अधिक लाभ हासिल करने ठेकेदारो ने रिंग बनाकर काम का विभाजन कर लिया हैं। पहली निविदा प्रक्रिया में भी इसी तरह का काम हुआ जब भाजपा पार्षद पति ने प्रदेश कार्यालय से आदेश आने की बात कहते हुए दो ठेकेदारों को आवेदन नही देने दिया।

### नपा की बढ़ी मुश्किलें, समय पर गुणवत्ता से काम कराना चुनौती भरा

टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब शहर के लगभग सभी वार्डों में सीसी रोड, नाली, बिजली जैसे छोटे बड़े कामों की शुरूआत तो हो जाएगी, लेकिन सालों से एबव रेट में काम लेकर करने वाले ठेकेदारों से बिलो रेट मे काम कराना नपा प्रशासन के लिए काफी कठिन होगा। दोनों मदों का काम स्वीकृत राशि से कम रेट पर लिया गया है। ऐसे में पालिका को सीधा फायदा मिल रहा है, लेकिन कामों की गुणवत्ता प्रभावित होने और निर्धारित समयावधि मे पूरा करने का खतरा मंडरा रहा है। सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने कहा कि दोनों मद से स्वीकृत कामों की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। निर्माण कार्य शुरू कराने के साथ-साथ गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने अधिकारी कर्मचारी को सतत निरीक्षण के लिए कहा गया है, लेकिन ठेका हासिल करने वाले ज्यादातर निर्माण एजेंसी के ठेकेदार सत्ता पक्ष से जुड़े हुए है और उनसे काम लेने में नपा का पसीना निकल जाएगा।

# नपा में मचा घमासान, पार्टी की किरकिरी, वरिष्ठ नेता ने लताड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर पालिका में मचे घमासान और लगातार भ्रष्टाचार में भाजपा पार्षद पतियों की संदिग्ध भूमिका को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता द्वारा जमकर लताड़ने की जानकारी सामने आ रही है।

पता चला है कि शुक्रवार दोपहर किसी अन्य मामले पर चर्चा करने गए नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर सहित भाजपा पार्षदों और महिला पार्षदों के पतियों को वरिष्ठ नेता ने जमकर खरीखोटी सुनाई कहा उनकी हरकतों की वजह से पार्टी की छवि प्रभावित हो रही है।

इस दौरान उन्होंने कड़े शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि दाल में नमक बराबर छूट सबको मिली है इसका मतलब यह नही कि पूरा नमक ही खाए। चर्चा के दौरान वरिष्ठ नेता ने तो यह भी कहा कि ऐसी स्थिति क्यो निर्मित हुई कि नपा के मामले में किसी को न्याय मांगने हाईकोर्ट तक जाना पड़ा। कांग्रेस काल में कभी यह स्थिति नही बनी फिर भाजपा के नपा में काबिज होने के बाद यह सब कैसे हो रहा है और क्यो हो रहा है।

उन्होंने कहा कि शहर विकास को लेकर उनके भरोसे नपा को छोड़ना ठीक नही है। पता चला है कि नाराज नेता ने तो एक पार्षद पति को यह तक कह दिया कि यदि पैसा कमाने का इतना ही शौक या जरूरत है तो निजी फाइनेंस कंपनी खोलकर बैठ जाए, लेकिन जिस भरोसे से आम जनता ने उन्हें जवाबदारी सौंपी है उसे प्राथमिकता दे।

गौरतलब है कि बीते तीन चार महीनो से नगर पालिका मे स्वच्छता श्रृंगार योजना, निविदा फार्म वितरण, स्टेशनरी सप्लाई, छपाई सहित अनेक कामों को लेकर भाजपा पार्षद पतियो की कारगुजारियों के चलते नपा में उथल पुथल मचा हुआ है और पार्टी की बदनामी हो रही है जिसके चलते वरिष्ठ नेता को नपा के बेलगाम नेताओं पर अंकुश लगाने अंतिम विकल्प के रूप मे लताड़ना पड़ा।

### मुलाकात करने की जानकारी मिली है

नपा अध्यक्ष और पार्षदों के मुलाकात करने जाने की जानकारी मिली है। मौके पर उपस्थित नही था इसलिए वाजिब स्थिति नही बता सकता।

- **घम्मन साहू,** जिला भाजपाध्यक्ष

### परिचय सम्मेलन एक को रायपुर में

**मुरमुंदा।** छत्तीसगढ़ सर्व गडरिया समाज महासंघ का प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन आगामी एक दिसंबर को महादेव घाट रायपुर में रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, विकास मरकाम, जगेश्वर प्रसाद, प्रभुदयाल मेषपाल, मिलन धनकर, यशवंत पाल धनकर, मदन सटकर, गोविंद धनकर, लोरिक पाल, लक्ष्मी नारायण महतो शामिल होंगे। यह जानकारी राजनांदगांव धनकर समाज के सचिव संतोष धनकर ने दी।

## खबर संक्षेप

### जनजातीय गौरव दिवस धूमधाम से मना



**ढारा।** ग्राम पंचायत शिवपुरी के आश्रित बाकलेडी में जनजाति गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बीएमओ बीपी एक्का एवं बीपीएम मुक्त के निर्देश पर आयुष्मान कार्ड महाअभियान के तहत 45 हितग्राहियों को चिन्हित किया गया। हीमोग्लोबिन, कुपोषण, टीवी, मोतियाबिंद एवं अन्य की जांच स्वास्थ्य दल ने किया। डीपीएम संदीप ताम्रकार ने बताया कि किशोरी बालिकाओं को सुग्घर नोनी बनाने की दिशा में इस प्रकार का कैंप आयोजित करना है। जिला नोडल अनिल श्रीवास्तव की उपस्थिति में अनुवर्ती प्रयास की योजना बनाई गई। स्वास्थ्य जांच में मोतियाबिंद के 10, सिकलसेल 15, हीमोग्लोबिन 93, बीपी 45, शुगर के 30 की जांच की गई। कार्यक्रम में अनिता धुर्वे, रेखा पटेल, डॉगेश्वर राय, कलेश्वरी कंवर, शीला यादव, सुभद्रा धुर्वे, सुदेश टेंबुरकर, सरिता खंडेलवाल आदि शामिल हुए।

### बदल दिया धान खरीदी केंद्र, किसान नाराज



**खुज्जी।** सैकड़ों ग्रामीणों ने राजनांदगांव पहुंचकर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया। श्री बघेल और श्री अग्रवाल ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। कारूटोला की समस्याओं को लेकर जिला सहकारी समिति बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल के यहाँ पहुंचे जिला भाजपा मंत्री कैलाश शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष सुमित मंडावी, कपिल बघेल, भूपेन्द्र नायक, गोपाल भूआर्य, अशोक मंडावी, धांसूराम, बेनूराम, युवराज यादव, फगुनुरम, याजेन्द मांडवी, केवल नेताम, त्रिलोचन श्रीवास, अर्जुनसिंह, इंदलसिंह, चंपालाल, गोकुलराम, डालूराम, सातमबाई, चैतीबाई, कुवांरियाबाई, रेखा बाई, अहिल्याबाई, कोमल नेताम, गुलाब मांडवी आदि ने बताया कि वह अब तक अपना धान मटिया सोसायटी के उप केन्द्र गोडलवाही में बेच रहे थे। अब उन्हे धान बेचने के लिए 17 किलोमीटर दूर सम्बलपुर में जाना पड़ रहा है।

### हिरेन्द्र की नियुक्ति से ग्रामीणों में खुशी



**कुमरदा।** भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक शशिकांत द्विवेदी की अनुशंसा से सेवा सहकारीर समिति जोशीलमती में हिरेन्द्र कुमार साहू को प्राधिकृत अधिकारी मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन से खोराटोला, गर्रापार, केशाल, दैहान, हर्राटोला, मावलीचुवा, जोशीलमती, पठानढोड़गी, थैलीटोला, दतरेंगाटोला, कोलियरी, कोलिहालमती आदि गांव के किसानों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया है। उन्हे बधाई देने वालों में तिलोचन साहू, लोकनाथ साहू, घनश्याम साहू, बालमुकुंद कुंजाम, तामेश्वर पटेल, रामकुमार साहू, यादवराम साहू, चित्रांगन साहू, ताजू राम,कोमलदास साहू, कंवलू राम, रेवाराम साहू, प्रताप,विजय भारद्वाज, चन्द्रभान कोर्राम, भागवत कस्तूरे, बृजभान, नेतराम, बाबूलाल, रजऊराम, मुकेशकुमार, तुलसीराम, टेमनलाल, लेखन साहू आदि शामिल हैं।

### जनजातीय गौरव एवं बाल दिवस का आयोजन



**छुईखदान।** वनांचल के ग्राम देवरच्चा में गुरुवार को संकुल स्तरीय बाल मेला एवं पंचायत विभाग ने जनजातीय गौरव दिवस आयोजित किया। मुख्य अतिथि सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी गिरेंद्र कुमार सुधाकर थे। अध्यक्षता सरपंच मदन केलकर ने की। विशिष्ट अतिथि विकास खंड श्रोत समन्वयक डीके शर्मा, सेवानिवृत बीआरसी सतीश श्रीवास्तव, बीआरपी श्री रामटेके, संकुल समन्वयक गंगू टंडन, दामोदर वर्मा, उत्तम यादव थे। शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा की पूजा से किया गया। मुख्य अतिथि ने जनजातीय समाज के लोगों से नशा से दूर रहने एवं बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आव्हान किया। भुवन नेताम ने बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। जनजातीय गौरव दिवस एवं बाल मेला के आयोजन में अजय श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। बच्चों ने बाल मेला में विभिन्न स्टॉल लगाए। स्टॉल लगाने में शिक्षक जगदीश देवांगन एवं रोशनलाल साहू ने सहयोग दिया। इस मौके पर प्राचार्य विनोद कुमार गंगासागर आदि उपस्थित थे। संचालन सूरज भान ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में शेख अमीरूल मुश्दिक, रूपेश देशमुख, दुलेश्वरी ठाकुर, सविता कैवर्त आदि मौजूद थे।




## सार समाचार

### दिग्विजय कॉलेज में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केएल दामले के निर्देशन एवं गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शबनम खान के मार्गदर्शन में गणित विभाग द्वारा अल्जेब्रिक टोपोलॉजी एंड एप्लीकेशन्स पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. विनोद कुमार पाठक प्राचार्य शा.महाविद्यालय धमतरी शामिल हुए।
कार्यक्रम का शुरूआत करते डॉ. हेमंत कुमार साव ने डॉ. विनोद कुमार पाठक से विद्यार्थियों का परिचय करवाया तथा तत्पश्चात डॉ. केके देवांगन ने कहा कि विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन तथा समुचित विकास हेतु समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। डॉ. विनोद कुमार पाठक ने गणित के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को अल्जेब्रिक टोपोलॉजी एंड एप्लीकेशन्स पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को रेलवे, पीएससी, एसएससी, बैंकिंग, पोस्ट ऑफिस एवं विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी किस प्रकार की जाए, इसकी जानकारी प्रदान की। साथ ही विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत किया। मंच संचालन डॉ. हेमंत कुमार साव और आभार ज्ञापन डॉ. कविता साकुरे द्वारा किया गया। इस व्याख्यान में रवि साहू समेत विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर आज

**राजनांदगांव।** जिला साहू सदन बसंतपुर राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ स्तरीय साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 24 नवंबर को युवा प्रकोष्ठ जिला साहू संघ के संयोजन में किया जा रहा है। सत्यम ब्लड ग्रुप के संयोजक चित्रांगन साहू ने बताया कि 24 नवंबर को साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन होगा। इस मौके पर साहू सदन बसंतपुर राजनांदगांव में रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। शिविर सुबह 10.30 से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा। चित्रांगन साहू ने अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान शिविर में भाग लेने का आग्रह किया है।

### कुमरदा में बनेगा 30 लाख का मानस भवन



**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पांडे से तरुण मानस मंच कुमरदा के प्रतिनिधि मंडल अनंत तिवारी व नवीन साहू की अगुवाई में शिष्टचार भेंट किए। इस दौरान पांडे ने क्षेत्र का हालचाल जाना व क्षेत्र की समग्र विकास हेतु किसी भी प्रकार की कोई राशि की कमी नहीं होने की बात कही। तरुण मानस मंच के अध्यक्ष ज्ञानचंद साहू द्वारा ग्राम में 32 वर्षों से लगातार सनातन धर्म की रक्षार्थ मानस महोत्सव होने की जानकारी दी और ग्राम में मानस भवन की मांग की। जिससे सांसद द्वारा सहर्ष स्वीकार करते तत्काल 30 लाख रुपए की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री के स्वेच्छानुदान मद से राशि दिलाने की बात कही और आगामी फरवरी माह में आयोजित रामायण महोत्सव में आने की स्वीकृति प्रदान की। इस अवसर पर तरुण मानस मंच के पदाधिकारियों में ज्ञानचंद साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, किशन सिंह साहू, ललित दास, नूनकरण भुआर्य, घनाराम, संजय साहू आदि उपस्थित थे।

### नए अध्यक्षों ने की विस अध्यक्ष से मुलाकात



**राजनांदगांव।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अंतर्गत कार्यरत सहकारी समितियों के नवनियुक्त अध्यक्षों ने शुक्रवार को जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रोहित चन्द्राकर व महामंत्री मनोज साहू के नेतृत्व में स्थानीय विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात की। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार इस दौरान समिति अध्यक्षों ने डॉ. रमन सिंह को आश्वस्त किया कि धान खरीदी को लेकर सभी सहकारी समितियां सतर्क रहेगी, किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा तथा समय पर किसान अपना धान बेच सकें, इसके सारे प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। इस दौरान समिति अध्यक्ष कन्हारपुरी सोसायटी से बीरेन्द्र साव, ढाबा सोसायटी से कृष्णादेवी श्रोती, सिंघोला सोसायटी से अशोक साहू, रानीतराई सोसायटी से विवेक साहू, सुरगी सोसायटी से लीलाधर साहू, भरेंगांव सोसायटी से खिलेश्वर चंद्राकर, सोमनी सोसायटी से नेपाल साहू, सांकरा सोसायटी से बच्चन देशमुख, गठुला सोसायटी से हेमलाल साहू, सुकुलदैहान सोसायटी से जोगीराम साहू व भानपुरी सोसायटी से गुनीत साहू सहित अन्य सोसायटी अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रायल किड्स में नृत्य और नाटक प्रतियोगिता



**राजनांदगांव।** रॉयल किड्स कॉन्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल में इंटर हाउस नृत्य और नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भगत और जवाहर हाऊस ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।शहीद भगत सिंह की भरी जवानी में शहीद होने का वर्णन एवं रानी लक्ष्मीबाई के बचपन से ही वीरता से परिपूर्ण होने के चित्रण ने आंखों को आंसुओं से भर दिया। जादुई तरीके से तीन विश मांगने के इंग्लिश ड्रामा ने भौतिकतावाद की संकल्पनाओं को निरर्थक करते वास्तविक सत्य की ओर अग्रसर करने का संदेश दिया। असम के बिहू नृत्य की तरंगों ने सभी को अपने साथ-साथ असम की वादियों की सैर करा दी।

### एनबीआईएस बोरी में दंत परीक्षण कैंप




**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में शाला द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य निरीक्षण हेतु मेगा डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस डेंटल चेकअप में आर्थोडेंटिस्ट व डेंटोफेशियल आर्थोपेडिक डॉ. रुद्रप्रताप सिंह ठाकुर (बीडीएस, एमडीएस) एवं डेंटल व कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. नीतू सिंह ठाकुर (बीडीएस) ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं शाला परिवार को दी। कक्षा नर्सरी से पांचवी तक के बच्चों का दंत परीक्षण किया गया। डॉ. ठाकुर द्वारा बच्चों को दांतों की सफाई, दांतों की बीमारी की जानकारी दी। बच्चों के दंत परीक्षण के साथ उन्हें ओरल हेल्थ स्क्रीनिंग कार्ड भी दिया गया। जिसमें दंत संबंधी संपूर्ण जानकारी उपलब्ध थी।

## विस अध्यक्ष ने ली बैठक, स्वीकृत सभी कामों में तेजी लाने के निर्देश

# विकास कामों को जल्द करें पूराः रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में बजट में सम्मिलित करने हेतु प्रस्तावित कार्यों की गहन समीक्षा की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आम जनता से जुड़े लोकहित के कार्य प्राथमिकता से करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रस्ताव भी महत्वपूर्ण है, जिनसे आम जनता की समस्याओं का निराकरण हो सके। जिले में स्वीकृत सभी निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने मेडिकल कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं के लिए विद्युतीकरण, दिग्विजय स्टेडियम के इंडोर बैंडमिंटन एवं बास्केटबॉल कोर्ट में विद्युतीकरण, संधारण एवं संचालन तथा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में फ्लड लाईट लगाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राजनांदगांव-खैरागढ़ राजमार्ग हेतु बाईपास मार्ग का निर्माण तथा पुल-पुलिया निर्माण, सोमनी से भेड़ीकला मार्ग, ठाकुरटोला से सीआरसी सेंटर भवन पहुंच मार्ग, ग्राम सिंघोला में माता भानेश्वरी मंदिर हेतु बायपास मार्ग सहित जिले के अन्य स्थानों में सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव के संबंध में चर्चा की। ऐसे निर्माण कार्य जो लंबित है, उन्हें शीघ्र पूर्ण करने कहा। जिले के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों के लिए नवीन बजट में शामिल करने हेतु प्रस्ताव की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, समाजसेवी रमेश पटेल, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह उपस्थित थे।

### सिंचाई का रकबा बढ़ाने पर मंथन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पेयजल से जुड़े एनीकट एवं बांध का सर्वे करने की आवश्यकता है, ताकि शहर के लिए पानी का उपयोग किया जा सके। उन्होंने जल संसाधन विभाग को सिंचाई का रकबा बढ़ाने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने सीएसईबी के अधिकारियों को छुरिया विकासखंड एवं अन्य दूरस्थ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की समस्या का समाधान करने कहा। उन्होंने लो-वोल्टेज की समस्या को दूर करने लालूटोला में बन रहे विद्युत सब स्टेशन एवं विचारपुर में बन रहे विद्युत सब-स्टेशन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने आरडीएसएस योजना (रिवैम्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) के क्रियान्वयन में प्रगति लाने कहा तथा ठेकेदार के कार्यों की सतत मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के लिए रफ्तार बढ़ाने की जरूरत है।

### मेडिकल कॉलेज में बढ़ेगी सुविधाएं

उन्होंने कहा कि शासकीय मेडिकल कॉलेज का भवन प्रदेश के भव्य भवनों में से एक है। इसका जनहित के लिए अच्छा उपयोग करें। उन्होंने शासकीय मेडिकल कॉलेज तथा अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं के लिए आवश्यक चिकित्सकीय उपकरण एवं अधोसंरचना निर्माण की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं अन्य शासकीय चिकित्सा संस्थानों में संधारण, एमआरआई, सिटी स्कैन जैसी सुविधाएं के संबंध में चर्चा की।

### फ्लाई ओवर के नीचे काम्प्लेक्स

उन्होंने अमृत मिशन नल-घर मोहारा, 27 एमएलडी प्लांट, पाईप लाइन विस्तार, शहर के सौंदर्यीकरण और नगर निगम क्षेत्र में थोक बाजार निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने फ्लाई ओवर के नीचे स्पोर्ट काम्प्लेक्स विकसित करने के बारे में बात की।

### बड़े गांव में बनेंगे स्टेडियम

उन्होंने जिला पंचायत अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे ग्राम जहां आबादी अधिक हो 50-50 लाख रुपए की लागत से स्टेडियम का प्रस्ताव भेजने कहा। जिला पंचायत के जर्जर पंचायत भवन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट के वाईफाई कनेक्शन, एजुकेशन हब, डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों के लिए सड़क में रौशनी की व्यवस्था, ऊर्जा पार्क की मरम्मत करने के निर्देश दिए।

### स्पीच थेरेपी शिविर का शीघ्र होगा आयोजन



**राजनांदगांव।** समाजसेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में अधिवक्ता संघ राजनांदगांव द्वारा एक अनुकरणीय पहल की गई है। अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में निःशुल्क स्पीच थेरेपी जागरूकता एवं मार्गदर्शन शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में स्पीच थेरेपी विशेषज्ञ रजनी राठी द्वारा बच्चों को सही बोलने और सुनने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। शिविर में भाग लेने रजिस्ट्रेशन आवश्यक है। जिसके लिए अधिवक्ता संघ राजनांदगांव से संपर्क किया जा सकता है।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि हमारे समाज में ऐसे बच्चों को अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है, जो सुनने और बोलने में कठिनाई का सामना कर रहे होते हैं। यह पहल हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का हिस्सा है कि ऐसे बच्चों को बेहतर भविष्य देने में सहयोग करें।

## वॉटर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्य को पुनः चालू करने निगम ने भेजा प्रस्ताव

**राजनांदगांव।** बूढ़ासागर में बंद पड़े वॉटर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्य को पुनः चालू करने शासन को भेजे गए 3 करोड़ के पुनरीक्षित राशि के प्रस्ताव पर पूर्व पार्षद एवं जनहित मोर्चा के अध्यक्ष देवेंद्र मोहन लाला देबू ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने इसके लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, महापौर हेमा देशमुख के साथ ही नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।



श्री लाल ने कहा कि बूढ़ासागर सौंदर्यीकरण के तहत 16 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई थी। जिसमें बूढ़ासागर में गंदा पानी न जाए, इसके लिए सीवरेज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का भी निर्णय किया गया था और इसके तहत प्लांट के निर्माण का कार्य शुरू हो गया था, किंतु राशि के अभाव में इस कार्य को रोक दिया गया। जिसकी वजह से इस महत्वपूर्ण योजना पर ब्रेक लग गया। उन्होंने कहा कि जनहित के इस मुद्दे को ध्यान में रखते उन्होंने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और विधायक डॉ. रमन सिंह से इसके लिए अनुरोध किया था। डॉ. रमन सिंह ने उनकी इस मांग को गंभीरता से लिया और नगर निगम को प्रस्ताव तैयार करने निर्देश दिए थे। नगर निगम ने 3 करोड़ का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा है। जिसकी जल्द स्वीकृत की अपेक्षा है।

### मितानिनों का सम्मान आज

**राजनांदगांव।** नगर निगम के पूर्व सभापति शिव वर्मा ने बताया कि कल 24 नवंबर को मितानिनों का सम्मान होगा। उन्होंने कहा कि 23 नवंबर को मितानिन दिवस के रूप में मनाया जाता है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनप्रतिनिधि इनका सम्मान करते हैं। सरकार की सभी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। क्षेत्र में होने वाले बीमारियों की रोकथाम एवं गर्भवती महिलाओं को भी समय-समय पर योजनाओं के बारे में बताया जाता है। इस जागरूकता के कारण शिशु मृत्यु दर में बहुत कमी हुई है। श्री वर्मा ने कहा कि इसी परिप्रेक्ष्य में कल 24 नवंबर को मितानिन भवन में उनका सम्मान किया जाएगा।

## अनीश को न्याय दिलाने की मांग

**राजनांदगांव।** बाइक में सवार एक युवक की दर्दनाक हादसे में मौत होने के बाद उचित न्याय नहीं मिलने को लेकर बौद्ध समाज के प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपकर न्याय दिलाने की मांग की।

मिली जानकारी के अनुसार 3 नवंबर को नवागांव बीड़ी श्रमिक कालोनी निवासी अनीश चंद्रिकापुरे अपने दो दोस्त के साथ बाइक में सवार होकर राजनांदगांव शहर की ओर निकले थे। जिसकी दर्दनाक हादसे में मौत हो गई थी।

प्रतिनिधि मंडल ने एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई कर आरोपी को सजा एवं पीड़ति परिवार को मुआवजे की मांग की। एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की बात कही गई। इस



दौरान बौद्ध समाज से वरिष्ठ केएल टांडेकर, पीएल वासनिक, डीपी लोनहरे, सेवक मेश्राम, गणेशराव बोरकर, दिलीप डोंगरे, अमरसिंह वासनिक, कांति फुले, राजू बारमाटे, शैलेश ठावरे, नीलेश ठावरे, राहुल गजभिये, सुरेंद्र गजभिये, विजय रंगारी, विनोद श्रीरंगे, प्रह्लाद फुले, मुन्ना चन्द्रिकापुरे, नितेश चन्द्रिकापुरे आदि शामिल थे।

## शिवसेना ने की निजी अस्पताल की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पेंड्री में संचालित एनबी केयर हास्पिटल में डॉक्टरों की लापरवाही से एक ग्रामीण मरीज की जान चली गई। इस पूरे मामले की शिकायत मरीज के परिजन व शिवसेना पदाधिकारियों ने कलेक्टर से करते संबंधित अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग रखी है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि मरीज की हालत गंभीर थी, ऐसे में सवाल यह उठता है कि स्थिति गंभीर थी, तो बगैर विशेषज्ञ डॉक्टर के वहां इलाज क्यों शुरू किया गया। जबकि सौ मीटर की दूरी पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थित है।

मिली जानकारी के अनुसार मोहला क्षेत्र के ग्राम चिहकाटोला निवासी रामजी नेताम (55) को परिजनों ने 20 नवंबर को एनबी केयर अस्पताल में भर्ती कराया। मरीज स्वयं अपने से चलकर आए और अपनी समस्याओं को डॉक्टरों को बताया। डॉक्टरों ने जांच के बाद फेफड़े में पानी भरे होने और हार्ट में भी समस्या बताते हुए पांच दिनों में ठीक होने की बात कहते हुए अस्पताल में भर्ती करा दिया। फेफड़ा और हार्ट के विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपस्थिति में संबंधित मरीज का इलाज शुरू कर दिया गया।

परिजनों ने बताया कि इलाज शुरू करने के बाद मरीज को कुछ समस्या आई। सांस लेने में दिक्कत होने के बाद डॉक्टरों ने उसके चेस्ट में प्रेशर देकर पंपिंग करना आरंभ किया। इस दौरान एक डॉक्टर ने कहा कि मरीज बहुत गंभीर है। संभवतः इसकी जान चली गई है। इस बात को परिजनों ने भी सुन लिया। इसके बाद उसे वेंटीलेटर में ले जाने की बात कही।

### कार्रवाई की मांग

शिवसेना ने मामले में ज्ञापन सौंपकर प्रबंधन और संबंधित डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग रखी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिवसेना विधानसभा अध्यक्ष माखन यादव और जिला अध्यक्ष आकाश सोनी और अन्य शिवसैनिक मौजूद रहे।

## पटरी पार क्षेत्र के बच्चों को खेलों से जोड़ने की अनूठी पहल : पांडे



- खेल संस्कृति को बढ़ावा, खेलेगा छत्तीसगढ़ - जीतेगा इंडिया : मधुसूदन

**राजनांदगांव।** खेल एवं खिलाड़ी उत्थान के लिए समर्पित छत्तीसगढ़ की अग्रणी खेल संस्था रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पटरीपार क्षेत्र के बच्चों के जीवन में खेलों के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को विभिन्न खेल सामग्री वितरित की गई। जिसमें हॉकी स्टिक, हॉकी बॉल, स्किपिंग रोप, हॉकी गोलकीपर किट, सिन गार्ड, प्लेइंग जर्सी, फुटबॉल, फिटनेस इक्विपमेंट्स जैसे उपकरण शामिल थे।

कार्यक्रम में खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए सांसद संतोष पांडे ने रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पटरी पार के क्षेत्रों में खेल के माध्यम से छोटे बच्चों में अनुशासन और सकारात्मक आदतों को विकसित करने के लिए ठोस कदम उठाने पर सराहना करते कहा कि बच्चों को खेल में संलग्न करने से उनमें स्वस्थ आदतें विकसित होंगे एवं बच्चे नकारात्मक गतिविधियों से दूर रहेंगे। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन में पटरीपार क्षेत्र के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव सुविधा प्रदान करने की बात कही। साथ ही खिलाड़ी बच्चों के अभिभावकों की प्रशंसा करते उनके बच्चों को मैदान से जोड़ने की सराहना की।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कहा कि हॉकी खेल में पटरीपार क्षेत्र के टीमों एवं यहां के खिलाड़ियों का गौरवशाली इतिहास रहा है।

कार्यक्रम का संचालन करते अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने पटरीपार के बच्चों को नियमित निःशुल्क अभ्यास चिखली स्कूल के मैदान में दिए जाने की बात कही और सम्मानित अतिथियों को इस बात से अवगत कराया कि चिखली स्कूल में प्रातः साढ़े पांच बजे से सैकड़ों की संख्या में बच्चे उत्साहपूर्वक खेल गतिविधियों में भाग लेते हैं।

उन्होंने बच्चों से खेलों में नियमित रूप से भाग लेने और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की प्रेरणा दी।

## युगांतर के बच्चों ने की फायरलेस कुकिंग



**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में प्राइमरी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा फायरलेस कुकिंग की गई। बच्चों ने गैस चूल्हे की सहायता के बिना स्वादिष्ट व्यंजनों का निर्माण कर सबका मन मोहा। यह आकर्षक गतिविधि प्राइमरी की सेक्शन इंचार्ज श्वेता मूंदड़ा, एक्टिविटीज इंचार्ज मधु ठाकुर और तनुश्री मुखर्जी के मार्गदर्शन में विभाग के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के सहयोग से आयोजित हुई। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चे बिस्किट की सजावट, विविध प्रकार के केक का निर्माण, स्वास्थ्यवर्धक अंकुरित चने तथा सभी प्रकार की सब्जियों और फलों के सलाद का निर्माण करना सीखा। यही नहीं उन्होंने विविध प्रकार की नैचुरल साफ्ट शीतल पेय बनाना तथा सैंडविच बनाना भी सीखा। आयोजन की सफलता पर प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

आवश्यकता
अकाउंटेंट (GST, TDS ज्ञान) एवं गोडाउन- सुपरवाइजर 2 पद, अनुभव 3-4 साल तक.
- संपर्क करें -
रामदेव रिफाइनरी
बुद्धू भरदा, घोरदा, राजनांदगांव
7898001853, 9425216035

## 3 दिसंबर को स्वाभिमान पैदल मार्च करेंगे दिव्यांग

# दिव्यांग दिवस के बहिष्कार का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ के तत्वावधान में अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी दिवस 3 दिसंबर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का दिव्यांगजनों द्वारा बहिष्कार किए जाने की बात कही गई है। वहीं इसी दिन अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर दिव्यांगजन स्वाभिमान पैदल मार्च एवं धरना प्रदर्शन करेंगे।

जिला दिव्यांग संघ के अध्यक्ष हेमनदास साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ के तत्वावधान में बीते 28 अगस्त को प्रदेशभर के दिव्यांगजन स्वाभिमान पैदल मार्च एवं धरना प्रदर्शन रैली करने की पूरी तैयारी कर चुके थे। आयोजन तिथि के 1 दिन पूर्व मुख्यमंत्री ने संघ के पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री निवास बुलाया था और 15 दिनों के भीतर मांग पूरी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज पर्यन्त तक मांग पूरा नहीं हुआ है।

### कार्यक्रमों का करेंगे बहिष्कार

दिव्यांगजनों ने अपनी विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि राज्य शासन के वादाखिलाफी के कारण छत्तीसगढ़ के समस्त दिव्यांग संघ के आह्वान पर आगामी 3 दिसंबर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के दिन सभी दिव्यांग शासन- प्रशासन के समस्त कार्यक्रम का बहिष्कार करेंगे।

### मांग पूरी नहीं होने तक जारी रहेगा धरना प्रदर्शन

3 दिसंबर 2024 को दिव्यांगजन रैली तेलीबांधा से मुख्यमंत्री निवास रायपुर तक आयोजित की जाएगी। वहीं जब तक 6 सूत्रीय मांगों को शासन द्वारा पूरा नहीं किया जाता, तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

### दिव्यांगजनों की प्रमुख मांग

अपनी 6 सूत्रीय मांगों के तहत दिव्यांगजनों फर्जी दिव्यांग शासकीय कर्मियों को बर्खास्त कराने, दिव्यांगों के पेंशन 5000 रुपए प्रतिमाह एवं बीपीएल की बाध्यता समाप्त कराने, 18 वर्ष से ऊपर के दिव्यांग अविवाहित को योजना में शामिल कराने, युवती-महिला को महतारी वंदन योजना का लाभ देने, दिव्यांगजन विशेष भर्ती अभियान में शासकीय पद निकलवाने, शासकीय दिव्यांग कर्मियों को पदोन्नति में 4 प्रतिशत आरक्षण दिलाने और बेरोजगार दिव्यांग को बिना गारंटर लोन दिलाने एवं पूर्व लिए गए ऋण माफी कराने की मांग की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 24 नवंबर 2024



# मंडल अध्यक्षों के लिए 45 की उम्र सीमा तय, जिला अध्यक्ष बनने 60 साल का दायरा

## भाजपा का संगठन चुनावः दिसंबर महीने में पूरी होगी प्रक्रिया, सक्रिय सदस्य को ही मिलेगा पद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सदस्यता अभियान के बाद अब भाजपा अपने संगठन चुनाव कराने जा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने नवंबर में बूथ चुनाव के समाप्त होने के बाद 1 से 15 दिसंबर तक मंडल और 15 से 30 दिसंबर तक जिला संगठनों का चुनाव कराने का फैसला किया है। बूथों का चुनाव 30 नवंबर को समाप्त हो जाएगा। खास बात यह है कि इस बार उम्र की सीमा भी पदों को लेकर तय कर दी गई है। मंडल अध्यक्ष के लिए 45 साल एवं जिला अध्यक्षों के लिए अधिकतम 60 वर्ष उम्र तय की गई है। इस दायरे में आने वाले नेताओं को ही अब जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

दिल्ली में संगठन चुनाव के साथ भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित वरिष्ठ नेताओं ने एक बैठक ली। इस बैठक में छत्तीसगढ़ से भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, चुनाव अधिकारी खूबचंद पारख, चुनाव समिति के सदस्य रूपकुमारी चौधरी, मधुसूदन यादव भी शामिल हुए। प्रदेश संगठन द्वारा राष्ट्रीय संगठन को सदस्यता अभियान की रिपोर्ट भी दी गई। दिल्ली में मुख्य रूप से संगठन चुनाव को लेकर हुई बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने सभी राज्यों के चुनाव अधिकारियों और सदस्यों को मंडल और जिलों में चुनाव की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इसी के साथ मंडल और जिलों के चुनाव भी तय कर दिए गए हैं।

### मंडल और जिले के बाद प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव

जिलों के चुनाव बाद राज्यों के अध्यक्षों पर फैसला होगा। इसके पहले दिल्ली में एक बार फिर से 30 दिसंबर को बैठक आयोजित की जाएगी। जनवरी में पहले राज्यों के अध्यक्ष और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। नया अध्यक्ष तय करने से पहले सभी राज्यों में संगठन के चुनाव कराए जाने को कहा गया है।

### बने डेढ़ लाख सदस्य

जिले में भाजपा ने अपने डेढ़ लाख नए सदस्य बना लिए है। वहीं 50 या इससे अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने वाले नेताओं को सक्रिय सदस्य का तमगा दिया गया है। वरिष्ठ नेताओं ने केवल विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ही अपना टारगेट पूरा किया है। वहीं सांसद ने अपने कोटे से करीबन 10 हजार लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई है।



### बूथों में चुने जा रहे अध्यक्ष

अगले महीने से शुरू होने वाली मंडल एवं जिला अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया से पहले जिले में सभी बूथ पर चुनाव शुरू हो गए हैं। बूथ अध्यक्ष के पद पर नेताओं का चयन किया जा रहा है। खास बात यह है कि सभी पदों पर उन्हीं नेताओं का चयन होगा। जिसने सदस्यता अभियान के तहत कम से कम 50 सदस्यों को जोड़ा होगा।


## हर शनिवार विषय विशेषज्ञ लेंगे जिला स्तर पर कार्यशाला

# होनहारों को महीनेभर की ट्रेनिंग देंगे अब विशेषज्ञ, तीन स्तर पर पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बोर्ड परीक्षा में जिले के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों की स्थिति सुधारने एवं बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए जिला शिक्षा विभाग ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। शनिवार को विषय विशेषज्ञों की एक बैठक कर बेहतर अध्ययन कार्य के लिए एक कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसके अनुसार श्रेणीवार बच्चों को बांटकर परीक्षा के लिए विशेषज्ञों द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी।

इसके साथ ही छैमाही परीक्षा को लेकर भी समय निर्धारित कर दिया गया है। जिलेभर में 13 से 21 दिसंबर के मध्य परीक्षा कराई जाएगी। छैमाही परीक्षा की स्कूलवार समीक्षा कर कमजोर बच्चों पर फोकस करने कहा गया है। इसके साथ ही दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा से पहले सभी बच्चों को विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए जाने वाली प्रश्न बैंक भी उपलब्ध कराई जाएगी। सभी स्कूलों को इस प्रश्न बैंक के आधार पर ही विशेष कक्षा लगाने के लिए भी कहा जाएगा। डीईओ प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि 36 विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की उपस्थिति में कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। जिसके अनुसार ही सभी स्कूलों में आने वाले दिनों में अध्ययन कराया जाएगा। इस कार्ययोजना की मॉनिटरिंग के लिए भेड़ीकला के प्राचार्य मनोज चौहान को जिम्मा सौंपा गया है।



### कार्ययोजना तैयार की

छमाही परीक्षा के साथ ही बोर्ड परीक्षा को लेकर विशेष कोचिंग को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई है। कमजोर बच्चो पर फोकस करने के साथ ही मेरिट सूची में आने की काबिलियत रखने वालो को विशेषज्ञों द्वारा ट्रेनिंग देंगे।

\- प्रवास सिंह बघेल
जिला शिक्षा अधिकारी

### हर विषय के बनेंगे पांच सेट

*बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को पुख्ता करने के लिए जिला शिक्षा विभाग विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रश्न बैंक तैयार करवा रहा है। हर विषय के पांच सेट के प्रश्न बैंक तैयार किए जाएंगे। इन प्रश्न बैंक के जरिये ही बच्चों को बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही सभी सरकारी स्कूलों को भी इससे पढ़ाने के निर्देश दिए जाएंगे।*

### प्रतियोगी परीक्षा की भी तैयारी

*शिक्षा विभाग होनहार छात्रों को केवल बोर्ड परीक्षा के लिए ही तैयार नहीं करेगा, बल्कि इन विद्यार्थियों को जिला स्तर पर प्रतियोगी परीक्षा की भी ट्रेनिंग दी जाएगी। बताया गया कि बोर्ड के साथ ही नीट, जेईई और क्लैट जैसी परीक्षाओं को ध्यान में रखते बच्चों की तार्किक एवं रीजनींग क्षमता को बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।*

### जिला, ब्लॉक स्तर पर होगी पढ़ाई

बैठक में यह तय किया गया कि छैमाही परीक्षा परिणाम के आधार पर बच्चों को तीन स्तर पर बांटा जाएगा। इनमें कमजोर, औसत एवं मेरिट योग्य श्रेणी तय की गई है। वहीं 90 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को जिला स्तर पर 30 दिवसीय विशेष कोचिंग दी जाएगी। वहीं 80 से 90 फीसद अंक हासिल करने वाले छात्रों को ब्लॉक स्तर पर हर शनिवार एवं रविवार को ट्रेनिंग मिलेगी। इसके अलावा कमजोर बच्चों को शाला स्तर पर ही फरवरी माह तक अभ्यास कराया जाएगा।

# एनसीसी दिवस आज स्टेट स्कूल में आयोजन


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

76वां एनसीसी दिवस समारोह के आयोजन को लेकर एनसीसी कैडेटों द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में रविवार सुबह 9 बजे कैडेटों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता के साथ आयोजन संपन्न होगा। एनसीसी दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग शामिल होंगे और परेड की सलामी लेंगे।

प्रतिवर्ष नवंबर माह के अंतिम रविवार को एनसीसी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में 76वां एनसीसी दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर बीते कुछ दिनों से एनसीसी कैडेटों ने सेक्शन अटैक के साथ आकर्षक मार्चपास्ट का अभ्यास किया है। एनसीसी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान ध्वजारोहण पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण होगा। वहीं एनसीसी कैडेटों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया जाएगा। जिसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा एनसीसी कैडेटों को एनसीसी शपथ दिलाई जाएगी। वहीं संदेशवाचन के बाद वार्षिक प्रतिवदेन पढ़ा जाएगा।

# सफाई ठप, बजबजा रही नालियां मच्छरों के आतंक से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





शहर के विभिन्न वार्डों में नालियों की साफ-सफाई अपर्याप्त होने के चलते नालियां गंदगी से बजबजा रही है। जिसके चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। इस समस्या से आम लोगों को हलाकान होना पड़ रहा है।

शहर में साफ-सफाई का हाल बेहाल है। सफाई के बाद कचरों को एक जगह एकत्र करने वाले स्थान से समय रहते निकासी नहीं किए जाने से कचरे आसपास फैलते रहते हैं। वहीं दूर-दूर तक दुर्गंध उठती रहती है। इसके अलावा छोटी-बड़ी नालियां गंदगी से बजबजा रही है।

**दुर्गंध फैल रही :** शहर के ममता नगर, तुलसीपुर, नवागांव, मोतीपुर, लखोली, कन्हारपुरी, वर्धमान नगर, चिखली, बांसपाई पारा, दिवानपारा, सोनारपारा, हाट बाजार इलाका, स्टेशनपारा सहित अन्य इलाकों में कई स्थानों पर छोटी-बड़ी नालियों की नियमित रूप से साफ-सफाई का अभाव है। जिसके चलते नालियां गंदगी से बजबजा रही है। जिससे दुर्गन्ध फैल रही है।

### शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप

इस समस्या के चलते ग्रामीण वार्डों से लेकर शहरी क्षेत्र में मच्छर पनप रहे हैं। मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से आम लोगों को हलाकान होना पड़ रहा है। शाम होते ही मच्छरों के प्रकोप से लोग हलाकान होने लगे हैं। मच्छरों से राहत पाने लोगों को विविध साधनों का उपयोग करना पड़ रहा है।




# महंगाई ने बिगाड़ा बजट, कैटरिंग से लेकर घोड़ी-बाजा के दाम बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तुलसी विवाह देवउठनी एकादशी के बाद से शुभ मुहूर्तो का क्रम शुरू हो चुका है। लगातार वैवाहिक मुहूर्तो के चलते वैवाहिक आयोजनों की धूम है। हालांकि सब्जियो से लेकर तेल व अन्य सामाग्रियो के दाम बढ़ने की वजह से परिवारो के बजट पर असर दिखा है। वहीं कैटरिंग से लेकर घोड़ी और बैंड की बुकिंग के दाम भी बढ़ गए है। जिसकी वजह से शादियो का खर्चा भी बढ़ गया है। वहीं दूसरी ओर लोगों की व्यस्तता भी बनी हुई है। वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए बाजार में खरीदी करने का दौर भी जारी है। उल्लेखनीय है कि लोगों को काफी समय से शुभ मुहूर्तो का इंतजार बना हुआ था। देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह पर्व के बाद से अब नवंबर एवं दिसंबर माह में लगातार वैवाहिक मुहूर्तो का क्रम बना हुआ है। जिससे लोगों की व्यस्तता बनी हुई है।



**सार्वजनिक भवन बुक**

जिनके यहां वैवाहिक आयोजन होने हैं, उन्होंने पूर्व से ही सार्वजनिक भवनों को आरक्षित कर लिया है। इसके अलावा होटल-लान इत्यादी भी पूर्व से ही आरक्षित है। वैवाहिक आयोजनों से जुड़े व्यवसायी भी इन दिनों व्यस्त हैं। जिसमें कैटरिंग, डेकोरेशन, बाजे-गाजे भी पूर्व से आरक्षित करा लिए गए हैं।

**नवंबर-दिसंबर में गिने-चुने मुहूर्त**

पंचाग के मुताबिक नवंबर माह में आगामी दिनों 22, 23, 24 व 25 तारीख को शुभ वैवाहिक मुहूर्त है। इसी तरह दिसंबर माह में 2, 3, 4, 10, 13 व 15 तारीख को वैवाहिक मुहूर्त है। अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से वर्ष के समापन माह दिसंबर में 6 मुहूर्त है। तत्पश्चात अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से नववर्ष जनवरी से पुनः वैवाहिक मुहूर्त है।

### बाजार में बढ़ी चहल-पहल

इधर बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा चहल-पहल भी बढ़ी है। जिससे बाजार में रौनक बनी हुई है।वैवाहिक आयोजनों से संबंधित सामग्रियों की मांग लोगों के बीच है। बाजार में आभूषण, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक सामान, बर्तन, फर्नीचर सहित अन्य दुकानों में लोगों की बेहतर उपस्थिति बन रही है और खरीदी भी जारी है।

# चौपाटी के पास महिला से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

- रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध, पुलिस की विवेचना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक महिला से गाली-गालौज करते हुए छेड़छाड़ किए जाने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 22 नवंबर को प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 11 नवंबर को हास्पिटल जा रही थी, तब रानीसागर वाले रास्ते में चौपाटी के पास आरोपी डुरेन्द्र दास वैष्णव उससे छेड़खानी किया। प्रार्थिया गाड़ी चला रही थी तो उसका हाथ पकड़ के खींचा, उसके बाद जब वह नहीं रूकी तो गाली-गलौज किया। आरोपी पीछा करते करते पेट्रोल पंप तक आ गया, जब वह दूसरों से मदद ली तो तुम लोगों को देख लूंगा, करके वहां से चला गया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

इस मामले में बसंतपुर पुलिस ने 23 नवंबर को आरोपी डुरेन्द्र दास वैष्णव 32 वर्ष निवासी वार्ड नं. 50 सिंगदई को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की। अपराध घटित करना कबूलने पर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



## खबर संक्षेप

### टीवी क्विज शो में एनजेआर आएंगी कवर्धा की रसजीत कौर



**हरिभूमि कवर्धा।** शहर की रसजीत कौर चांवला एबीजीपी द्वारा अयोजित ऑनलाइन चयन परीक्षा में सफल रहे। विश्व प्रसिद्ध टीवी शो आओ बनिए गुरसिख प्यारा के सीजन 34 के 5वें एपिसोड में भाग लेंगी जो कि चारदीकला टाइम टीवी पीआर रविवार 24 नवंबर को सवेरे 10.30 बजे प्रसारित होने वाला है। यह क्विज शो एलजीबीएचजी 110 देश में देखा जाता है, जो सीखो की उपलब्धियां, गुरमत ज्ञान सिख इतिहास और गुरबानी की जानकारी प्रदान करता है। रसजीत कौर ने बताया वो एक हाउस वाइफ है, गृहस्थी के अलावा उनका मुख्य लक्ष्य गुरु ग्रंथ साहेब जी का पथ करना, कीर्तन सुनना, कीर्तन करना सब को गुरमत ज्ञान से जोड़ना गुरुद्वारा साहेब में संगत की सेवा करना है। इस बड़े मंच में पहुंच कर उनके ज्ञान में काफी वृद्धि हुई है। 15 नवंबर गुरुनानक देव साहेब के 555वें प्रकाश पर्व पीआर रसजीत कौर को गुरु सिंह सभा कवर्धा द्वारा उनकी इस उपलब्धि पर विशेष सम्मान किया।

### कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीण विकास योजनाओं की गहन समीक्षा की

# निर्माण कार्य समय व गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें : सीईओ अजय कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्रामीण विकास योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्यों के माध्यम से योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण स्वच्छ भारत मिशन, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना और समग्र शिक्षा अभियान सहित अन्य विकास योजनाओं की प्रगति का गहन मूल्यांकन किया गया। सीईओ ने सभी जनपद पंचायतों को ग्रामों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि सभी सामुदायिक शौचालयों की नियमित सफाई, पानी की उपलब्धता और देखरेख हो। स्वच्छता सुनिश्चित कर ग्रामीण वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में बताया गया कि फिकल स्लज मैनेजमेंट यूनिट का कार्य जिले की चार पंचायतों दशरंगपुर, कुण्डा, राजपुर व सारंगपुर कला में प्रगति पर है, जिनमें कुण्डा व सारंगपुर कला के कार्य पूर्ण हो चुके हैं। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निर्माण मजगांव, कापादाह, वीरेंद्रनगर और सिल्हाटी में पूरा किया जा चुका है। सीईओ ने इन यूनिट्स को शीघ्र चालू करने और संचालन की निगरानी के निर्देश दिए।

### पीएम आवास योजनाः लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश




प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वर्ष 2016 से 2023 तक स्वीकृत अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सीईओ ने कहा कि ऐसे हितग्राहियों को प्रोत्साहित करें, जिनके आवास निर्माण लंबित हैं। साथ ही प्रत्येक माह निर्माण का लक्ष्य तय कर इसे समयबद्ध तरीके से पूरा करें। उन्होंने तकनीकी सहायकों को हितग्राहियों को हर संभव तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने को कहा ताकि योजना का लाभ समय पर मिल सके।

### सीएम समग्र ग्रामीण विकास योजना स्टेडियम निर्माण व हरियाली पर जोर

मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत मिनी स्टेडियमों का निर्माण कार्य तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्टेडियम के आसपास वृक्षारोपण कर पौधों की देखभाल सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। साथ ही साथ समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूलों में बालक और बालिकाओं के शौचालयों की मरम्मत और साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा आहाता निर्माण के कार्यों को प्राक्कलन और तकनीकी स्वीकृति के अनुसार जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।

# सार्थक चेलक का एमबीबीएस ऑल इंडिया कोटे से लोकमान्य तिलक मेडिकल कॉलेज में चयन

- परिजनों व आसपास क्षेत्र में उत्साह का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा अंतगर्त ग्राम पंचायत बरबसपुर निवासी भरत चेलक प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय खोंसा-तिरप जिला अरुणाचल प्रदेश सुपुत्र सार्थक चेलक का चयन एमबीबीएस में ऑल इंडिया कोटे से लोकमान्य तिलक मेडिकल कॉलेज मुंबई में हुआ है। सार्थक चेलक के एमबीबीएस में चयन होने पर परिजनों व आसपास क्षेत्र में भारी हर्ष व्याप्त है। इस सफलता के संबंध में सार्थक ने बताया कि इसका श्रेय अपने माता-पिता व गुरु तत्पश्चात बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद को दिया। सार्थक चेलक प्रारंभ से ही पढ़ाई लिखाई में अव्वल व मेधावी छात्र रहें, उन्होंने कक्षा दसवीं में 95 तथा 12वीं में 90 प्रतिशत अंक अर्जित किया था। सार्थक ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा सैनिक स्कूल अंबिकापुर छत्तीसगढ़ से तथा कक्षा 12वीं बोर्ड की परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय कोर्णाक पुरी उड़ीसा से उत्तीर्ण किया है, उनकी इस उपलब्धि पर घर-परिवार एवं बरबसपुर के सभी गणमान्य नागरिको ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



### स्व सहायता समूह महिलाओं ने दी बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी




**हरिभूमि कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा व आनंद तिवारी जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सीएल भूआर्य महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में मिशन वात्सल्य चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कवर्धा कलस्टर स्वयं सहायता समूह के सक्रिय महिलाओं को बाल विवाह के बारे में विस्तृत जानकारियां दी गई। इस दौरान बाल संरक्षण टीम द्वारा बाल विवाह विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ किया गया। उक्त बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के प्रभावी रोकथाम के लिए जिले में लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार ऐसा विवाह जिसमें वर जिसकी आयु 21 वर्ष से कम तथा वधू जिसकी आयु 18 वर्ष से कम अवयस्क या बच्चे हो तब उसे बाल विवाह माना जाएगा। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है, जिससे कि सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या प्रेम-प्रसंग कारण हो सकते हैं जिन्हें विमर्श से लेकर कारणों को पूर्णतः समाप्त कर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि बाल विवाह बच्चों की अधिकारों और उसके विकास को प्रभावित करता है यह विकास को बाधित करने वाली गंभीर समस्या है जिसके पूर्ण रोकथाम हेतु सामाजिक, कानून और आर्थिक स्तर पर लोगों को जागरूक करना एवं कुप्रथा से होने वाले दुष्परिणामों को समझाना महत्वपूर्ण है ताकि इस प्रभावी तरीके से रोका जा सके और बच्चों को सर्वांगीण विकास कर उन्हें पूर्णत सुरक्षित रखा जा सके। जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों, क्षेत्र, समुदाय, गांव-गांव में जन जागरूकता अभियान किया जा रहा है।

# हरिनछपरा से नाऊडीह पीएम सड़क का डामरीकरण, राहगीरों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे 30 मार्ग हरिनछपरा से नाऊडीह चौंक जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क जर्जर व बदहाल सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों द्वारा डामरीकरण कार्य किया गया।

जिससे ग्राम हरिनछपरा-नाऊडीह के ग्रामीणों व राहगीरों को आवागमन करने में राहत व सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि विभागीय अधिकारियों व ठेकेदारो को कई बार शिकवा शिकायत पर जर्जर प्रधानमंत्री सड़क का सुधार व मरम्मत तथा डामरीकरण कार्य किया गया जिनके कारण अब आने जाने वाले लोगों को बुनियादी सुविधा राहगीरो ने राहत की सांस ली है। वहीं ग्राम दौजरी चौक तक जिम्मेदार ठेकेदारों सुधार तथा मरम्मत करने भूल गई है, जिससे ग्राम दौजरी के ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को जल्द से जल्द डामरीकरण करने की मांग की गई ताकि दौजरी प्रमुख चौक होने के कारण चारों दिशाओं से सुबह से देर रात तक भारी वाहनों को आवाजाही लगा रहता है वहीं डामरीकरण किए जाए तो सड़क दुर्घटना से बचा जा सकता है।



### राज्य स्तरीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में तीन दिवसीय 24वां छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप के द्वितीय दिवस का शुभारंभ शहर पीजी कॉलेज इंडोर स्टेडियम में आयोजित कबड्डी संघ प्रदेश अध्यक्ष शशि बघेल, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी एवं सभी अतिथियों द्वारा मां वीणावादिनी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर एवं राजगीत के साथ किया गया। कबड्डी संघ प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी ने बताया कि अब तक बालक वर्ग के 48 में से 45 एवं बालिका वर्ग के 48 में से 26 मैच सम्पन्न हो चुके हैं। जिसमे से बालक वर्ग में अब तक सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़, रायपुर निगम व कोरबा की टीम एवं बालिका वर्ग में कोरबा की टीम अच्छे प्रदर्शन के बाद भी अगले चरण में स्थान बनाने में सफल नही हो पाए।

### मितानिन दीदियों को श्रीफल देकर किया सम्मानित



**हरिभूमि कोलेगांव।** जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में शनिवार को मितानिन दीदियों का नारियल व उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में सर्वप्रथम भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पेंड्रीकला जनपद पंचायत पंडरिया सरपंच जलेश्वर चन्द्राकर ने कहा कि मितानिनो द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो मे स्वास्थ्य परक, गर्भावस्था की देखभाल, पौष्टिक आहार व समाज में जानकारी प्रदान करती है। समाज मे अहम भूमिका होती है, शासन की योजनाबद्ध तरीके से पालन कराने में विशेष सहयोग रहा है। ऐसे में इन्हें सम्मानित करना हम सभी के लिए गर्व की अनुभूति है। इस दौरान मितानिनों जिसमें सुरुचि चंद्रवंशी, कल्पना कश्यप, राजकुमारी चंद्राकर, उत्तरा बनर्जी को सम्मानित किया। साथ ही ग्राम पंचायत के गणमान्य नागरिक व बूथ अध्यक्ष शेखर चंद्रवंशी, अजय चंद्राकर, रोजगार सहायक मनीषा डाहिरे, कोमल कुमार, आजूराम लहरें, दीपचंद कश्यप, कुलेश कश्यप, रज्जू लहरें उपस्थित थे।

### प्रांतीय पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रांतीय नवीन प्रबंध कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह पं दीनदयाल उपाध्याय साइंस कॉलेज आडिटोरियम रायपुर में 24 नवम्बर को आयोजित होगा जिसमें जिले के पदाधिकारियों व कार्यकर्ता गण उपस्थित होगें।

### अतिथियों को श्रीफल व शाल से सम्मानित किया

# विधायक ने कुण्डा में भारत माता मूर्ति अनावरण व लोकार्पण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

ग्राम पंचायत कुण्डा में आयोजित भारत माता मूर्ति अनावरण लोकार्पण व निर्माण कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम में मां भारती का मूर्ति अनावरण एवं चौक का लोकार्पण पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम स्थल में उपस्थित विधायक श्रीमती भावना बोहरा को तराजू से लड्डू से तौलकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात अतिथि के रूप में मंच में सम्मिलित हुए मंच संचालन करते हुए घनश्याम यादव के नेतृत्व में सभी सम्मानित अतिथियों को ग्राम पंचायत कुण्डा सरपंच महेश्वर छोटू साहू एवं उपसरपंच सुमति उमेश चंद्राकर ने श्रीफल व शाल एवं पुष्प माला से सम्मानित किया। ग्राम पंचायत कुण्डा सरपंच द्वारा पांच वर्षो की विकास कार्यों के बारे में उद्बोधन से अवगत कराया, पंडरिया जनपद अध्यक्ष समुंद सेवाराम कुर्रे ने कहा कि नवनिर्मित मां भारती की लोकार्पण में अपनी सहभागिता निभाते हुए अपनी फंड से वहीं विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने अपनी उद्बोधन में किए गए विकास कार्यों का लोकार्पण का अलग-अलग विस्तार से उन्होंने समस्त जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिकों का अभिनंदन करते हुए उन्होंने विस्तार से जानकारी दी एवं आगामी 25 लाख से रुपए का मंगल भवन का भी ग्राम पंचायत कुण्डा द्वारा मांग किया गया, जिसको उन्होंने आगामी देने की सहमति प्रदान की तत्पश्चात उपस्थित सभी समाज प्रमुख ग्राम पंचायत कुण्डा बुजुर्गों को श्रीफल एवं शाल से भी सम्मानित किया गया एवं ग्राम पंचायत कुण्डा द्वारा स्मृति चिन्ह श्रीराम की छबी सप्रेम भेंट के रूप में सम्मान किया गया। साथ ही साथ ग्राम पंचायत कुण्डा एवं महिला मोर्चा द्वारा भव्य रूप से विधायक का स्वागत किया।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक श्रीमती भावना बोहरा, अध्यक्षता श्रीमती समुंद सेवाराम कुर्रे, विशिष्ट अतिथि मुकेश सिंह, शिवकुमार चंद्रवंशी, रामस्वरूप साहू, ध्वजराम चंद्राकार, विकास पांडेय, दिनेश मिश्रा, महेश्वर साहू, श्रीमती सुमति उमेश चंद्राकर, श्रीमती सुमन गुप्ता, अंबिका चंद्रवंशी, बसंत बोहरा, राजू पारख, परमानंद शर्मा, रामकुमार चंद्राकर, किशोर चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर, दिनेश चंद्रवंशी, गीताराम साहू, अश्वनी यदु, ओम यदु, मनहरण साहू, अमन खनूजा, नरेश साहू, भूपेंद्र चंद्राकर, घनश्याम यादव, नरेंद्र यादव, संतोष साहू, ओमप्रकाश चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर, साहेब लाल, मुन्ना खान, लवलेश चंद्राकर, सागर दास, राजाराम सोनवानी, कृष्णा सोनवानी, राकेश शर्मा, परमेश्वर सोनवानी, मनीष सोनवानी, राजेश यादव, रमन खनूजा, महेंद्र चंद्रसेन, वत्सल पाठक, पन्ना साहू, ईश्वरी विश्वकर्मा सहित कृष्णा चंद्राकर, संतोष चंद्रवंशी, सुमन ढीमर, संतोष ध्रुव, दिनेश चंद्रवंशी, कपिल चंद्राकर, निलेश गुप्ता, देवेंद्र चंद्रवंशी, राजकुमार कश्यप, राजू श्रीवास, महेंद्र घृतलहरे, जेठूराम निर्मलकर, बालमकुंद चंद्रवंशी, श्रवण साहू साथ ही साथ बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।



# नगर पालिका में अधोसंरचना मद के 55 में से 33 कामों की निविदा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ठेकेदारों के बीच चल रही प्रतिस्पर्धा ने नगर पालिका में सालों से चल रही परंपरा को इस दफे छिन्न-भिन्न कर दिया है, जो काम पहले 10 से 12 प्रतिशत एबव में सालों से दिया जा रहा था वो प्रतियोगिता या फिर यह कहे कि नपा में वर्चस्व बनाए रखने 30 प्रतिशत तक बिलो में जा रहा हैं।

शनिवार को सांसद संतोष पांडेय की अनुशंसा से स्वीकृत 2 करोड़ 98 लाख 42 हजार के कार्यों की निविदा खुली, लेकिन कोरम के अभाव में 55 में से 33 काम निरस्त हो गया वही दूसरी तरफ वार्ड 4 राजफेमिली, वार्ड 7 जय स्तंभ चौंक, वार्ड 9 इतवारी बाजार में लगने वाले हाईमास्क लाइट का काम क्रमशः 33.59 प्रतिशत, 31.73 प्रतिशत और 31.31 प्रतिशत बिलो दर पर ठेकेदार अमित चंद्राकर की निर्माण एजेंसी चंद्राकर कंस्ट्रक्शन को मिला है। शेष 19 काम भी प्रतियोगिता के चलते बिलो रेट मे ही गया।

22.66 प्रतिशत बिलो रेट में मणिकंचन केंद्र का काम ठेकेदार प्रकाश सिंह को मिला। 6 काम ठेकेदार सीबी तिवारी के अथर्व एसोसिएट्स को अधिकतम 20 प्रतिशत बिलो रेट पर मिला। ठेकेदार तरुण सिंह को 3 काम अधिकतम बिलो रेट 21.27 प्रतिशत पर हासिल हुआ। इस तरह ठेकेदार प्रकाश सिंह को 3 काम, ठेकेदार गोरेलाल वर्मा को 19.00 प्रतिशत और ठेकेदार अनिमेष सिंह के हक इंटर प्राइजेस को 18.38 बिलो रेट पर मंच निर्माण का काम मिला। निविदा प्रक्रिया में फॉर्म खरीदने के दौरान अथर्व एसोसिएट्स, हक इंटरप्राइजेस व ठेकेदार तरुण सिंह के बीच सीधी प्रतियोगिता थी लेकिन अंतिम समय में अथर्व और हक ने फॉर्म ही जमा नही किया जिसके चलते नियम अनुसार काम केंसिल हो गया।

## 33% से उपर विलो दर पर चंद्राकर कंस्ट्रक्शन लगाएगी हाईमास्क

### भरेगा नपा का खजाना

पहली बार ठेकेदारों के बीच चल रही प्रतियोगिता का फायदा नगर पालिका को होगा। नियम अनुसार प्रक्रिया के 15 दिवस के भीतर कार्य आदेश से पहले सभी ठेकेदारों को स्वीकृत दर और बिलो रेट में काम लेने के कारण अंतर की राशि जमा करनी होगी जिसके बाद ही कार्य आदेश जारी होगा। इससे पहले पहले 15 वें वित्त के 2 करोड़ 39 लाख के 57 काम और उसके बाद अधोसंरचना मद के 2 करोड़ 98 लाख 42 हजार के 55 कार्यों की निविदा बिलो दर पर जाने व 33 कामों के निरस्त होने के बाद अब निगाहें एक बार फिर नपा प्रशासन पर है कि क्या बाकी काम भी निरस्त होंगें और फिर से दुबारा नए सिरे से निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया की जाएगी या फिर अंतर राशि जमा कराकर कार्य आदेश जारी किया जाएगा।

### शासन स्तर पर बिलो रेट से बचता है पैसा

पंद्रहवें वित्त से स्वीकृत 2 करोड़ 39 लाख रूपयो का दूसरी बार मे खुलने वाले निविदा में सारे 57 काम पंद्रह से बीस प्रतिशत के बीच बिलो रेट में गया था। निविदा खुलने के बाद 57 में से 33 काम तरुण सिंह को और निविदा फार्म नही मिलने पर हाईकोर्ट के आदेश से निविदा प्रक्रिया मे भाग लेने वाले अथर्व एसोसिएट को 5 और हक इंटरप्राइजेस को 1 काम मिला है। 57 कामों की सूची में कुल 33 काम ठेकेदार तरुण सिंह के खाते में आया है जबकि दूसरे स्थान पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष ठेकेदार आयश सिंह बोनी के सिंह एसोसिएट को 11 काम मिला है। नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर के भतीजे ठेकेदार अमित चंद्राकर के चंद्राकर एसोसिएट को 4 काम, ठेकेदार प्रकाश सिंह ठाकुर को 2 और पांडादाह मंडल महामंत्री ठेकेदार गोरेलाल वर्मा को 1 काम मिला है। पहली निविदा प्रक्रिया के दौरान निविदा फार्म से वंचित दो फर्मों के कोर्ट जाने से मामला पूरी तरह बिगड़ गया और दूसरी बार की प्रक्रिया में लगभग सभी ने बिलो रेट में आवेदन जमा किया। पंद्रहवें वित्त के बाद अधोसरंचना मद से जारी निविदा में यही हुआ हालांकि निविदा प्रक्रिया में शासन स्तर पर बिलो दरों को बेहतर माना जाता है इससे शासन की राशि बचती है और ठेकेदार काम हासिल करने आपसी प्रतिस्पर्धा करते है, लेकिन जब एबव दरों पर निविदा भरी जाती है। तो यह माना जाता है कि अधिक लाभ हासिल करने ठेकेदारो ने रिंग बनाकर काम का विभाजन कर लिया हैं। पहली निविदा प्रक्रिया में भी इसी तरह का काम हुआ जब भाजपा पार्षद पति ने प्रदेश कार्यालय से आदेश आने की बात कहते हुए दो ठेकेदारों को आवेदन नही देने दिया।

### नपा की बढ़ी मुश्किलें, समय पर गुणवत्ता से काम कराना चुनौती भरा

टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब शहर के लगभग सभी वार्डों में सीसी रोड, नाली, बिजली जैसे छोटे बड़े कामों की शुरूआत तो हो जाएगी, लेकिन सालों से एबव रेट में काम लेकर करने वाले ठेकेदारों से बिलो रेट मे काम कराना नपा प्रशासन के लिए काफी कठिन होगा। दोनों मदों का काम स्वीकृत राशि से कम रेट पर लिया गया है। ऐसे में पालिका को सीधा फायदा मिल रहा है, लेकिन कामों की गुणवत्ता प्रभावित होने और निर्धारित समयावधि मे पूरा करने का खतरा मंडरा रहा है। सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने कहा कि दोनों मद से स्वीकृत कामों की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। निर्माण कार्य शुरू कराने के साथ-साथ गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने अधिकारी कर्मचारी को सतत निरीक्षण के लिए कहा गया है, लेकिन ठेका हासिल करने वाले ज्यादातर निर्माण एजेंसी के ठेकेदार सत्ता पक्ष से जुड़े हुए है और उनसे काम लेने में नपा का पसीना निकल जाएगा।

# नपा में मचा घमासान, पार्टी की किरकिरी, वरिष्ठ नेता ने लताड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर पालिका में मचे घमासान और लगातार भ्रष्टाचार में भाजपा पार्षद पतियों की संदिग्ध भूमिका को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता द्वारा जमकर लताड़ने की जानकारी सामने आ रही है।

पता चला है कि शुक्रवार दोपहर किसी अन्य मामले पर चर्चा करने गए नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर सहित भाजपा पार्षदों और महिला पार्षदों के पतियों को वरिष्ठ नेता ने जमकर खरीखोटी सुनाई कहा उनकी हरकतों की वजह से पार्टी की छवि प्रभावित हो रही है।

इस दौरान उन्होंने कड़े शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि दाल में नमक बराबर छूट सबको मिली है इसका मतलब यह नही कि पूरा नमक ही खाए। चर्चा के दौरान वरिष्ठ नेता ने तो यह भी कहा कि ऐसी स्थिति क्यो निर्मित हुई कि नपा के मामले में किसी को न्याय मांगने हाईकोर्ट तक जाना पड़ा। कांग्रेस काल में कभी यह स्थिति नही बनी फिर भाजपा के नपा में काबिज होने के बाद यह सब कैसे हो रहा है और क्यो हो रहा है।

उन्होंने कहा कि शहर विकास को लेकर उनके भरोसे नपा को छोड़ना ठीक नही है। पता चला है कि नाराज नेता ने तो एक पार्षद पति को यह तक कह दिया कि यदि पैसा कमाने का इतना ही शौक या जरूरत है तो निजी फाइनेंस कंपनी खोलकर बैठ जाए, लेकिन जिस भरोसे से आम जनता ने उन्हें जवाबदारी सौंपी है उसे प्राथमिकता दे।

गौरतलब है कि बीते तीन चार महीनो से नगर पालिका मे स्वच्छता श्रृंगार योजना, निविदा फार्म वितरण, स्टेशनरी सप्लाई, छपाई सहित अनेक कामों को लेकर भाजपा पार्षद पतियो की कारगुजारियों के चलते नपा में उथल पुथल मचा हुआ है और पार्टी की बदनामी हो रही है जिसके चलते वरिष्ठ नेता को नपा के बेलगाम नेताओं पर अंकुश लगाने अंतिम विकल्प के रूप मे लताड़ना पड़ा।

### मुलाकात करने की जानकारी मिली है

नपा अध्यक्ष और पार्षदों के मुलाकात करने जाने की जानकारी मिली है। मौके पर उपस्थित नही था इसलिए वाजिब स्थिति नही बता सकता।

\- **घम्मन साहू**, जिला भाजपाध्यक्ष

## परिचय सम्मेलन एक को रायपुर में

**मुरमुंदा।** छत्तीसगढ़ सर्व गडरिया समाज महासंघ का प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन आगामी एक दिसंबर को महादेव घाट रायपुर में रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, विकास मरकाम, जगेश्वर प्रसाद, प्रभुदयाल मेषपाल, मिलन धनकर, यशवंत पाल धनकर, मदन सटकर, गोविंद धनकर, लोरिक पाल, लक्ष्मी नारायण महतो शामिल होंगे। यह जानकारी राजनांदगांव धनकर समाज के सचिव संतोष धनकर ने दी।

## खबर संक्षेप

### जनजातीय गौरव दिवस धूमधाम से मना

**ढारा।** ग्राम पंचायत शिवपुरी के आश्रित बाकलेडी में जनजाति गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया।



इस अवसर पर बीएमओ बीपी एक्का एवं बीपीएम मुक्त के निर्देश पर आयुष्मान कार्ड महाअभियान के तहत 45 हितग्राहियों को चिन्हित किया गया। हीमोग्लोबिन, कुपोषण, टीवी, मोतियाबिंद एवं अन्य की जांच स्वास्थ्य दल ने किया। डीपीएम संदीप ताम्रकार ने बताया कि किशोरी बालिकाओं को सुग्घर नोनी बनाने की दिशा में इस प्रकार का कैंप आयोजित करना है। जिला नोडल अनिल श्रीवास्तव की उपस्थिति में अनुवर्ती प्रयास की योजना बनाई गई। स्वास्थ्य जांच में मोतियाबिंद के 10, सिकलसेल 15, हीमोग्लोबिन 93, बीपी 45, शुगर के 30 की जांच की गई। कार्यक्रम में अनिता धुर्वे, रेखा पटेल, डॉगेश्वर राय, कलेश्वरी कंवर, शीला यादव, सुभद्रा धुर्वे, सुदेश टेंबुरकर, सरिता खंडेलवाल आदि शामिल हुए।

### बदल दिया धान खरीदी केंद्र, किसान नाराज

**खुज्जी।** सैकड़ों ग्रामीणों ने राजनांदगांव पहुंचकर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात कर



अपनी समस्या से अवगत कराया। श्री बघेल और श्री अग्रवाल ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। कारूटोला की समस्याओं को लेकर जिला सहकारी समिति बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल के यहाँ पहुंचे जिला भाजपा मंत्री कैलाश शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष सुमित मंडावी, कपिल बघेल, भूपेन्द्र नायक, गोपाल भूआर्य, अशोक मंडावी, धांसूराम, बेनूराम, युवराज यादव, फगुनुरम, याजेन्द मांडवी, केवल नेताम, त्रिलोचन श्रीवास, अर्जुनसिंह, इंदलसिंह, चंपालाल, गोकुलराम, डालूराम, सातमबाई, चैतीबाई, कुवांरियाबाई, रेखा बाई, अहिल्याबाई, कोमल नेताम, गुलाब मांडवी आदि ने बताया कि वह अब तक अपना धान मटिया सोसायटी के उप केन्द्र गोडलवाही में बेच रहे थे। अब उन्हे धान बेचने के लिए 17 किलोमीटर दूर सम्बलपुर में जाना पड़ रहा है।

### हिरेन्द्र की नियुक्ति से ग्रामीणों में खुशी

**कुमरदा।** भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ के



संयोजक शशिकांत द्विवेदी की अनुशंसा से सेवा सहकारीर समिति जोशीलमती में हिरेन्द्र कुमार साहू को प्राधिकृत अधिकारी मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन से खोराटोला, गर्रापार, केशाल, दैहान, हर्राटोला, मावलीचुवा, जोशीलमती, पठानढोड़गी, थैलीटोला, दतरेंगाटोला, कोलियरी, कोलिहालमती आदि गांव के किसानों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया है। उन्हे बधाई देने वालों में तिलोचन साहू, लोकनाथ साहू, घनश्याम साहू, बालमुकुंद कुंजाम, तामेश्वर पटेल, रामकुमार साहू, यादवराम साहू, चित्रांगन साहू, ताजू राम,कोमलदास साहू, कंवलू राम, रेवाराम साहू, प्रताप,विजय भारद्वाज, चन्द्रभान कोर्राम, भागवत कस्तूरे, बृजभान, नेतराम, बाबूलाल, रजऊराम, मुकेशकुमार, तुलसीराम, टेमनलाल, लेखन साहू आदि शामिल हैं।

### जनजातीय गौरव एवं बाल दिवस का आयोजन

**छुईखदान।** वनांचल के ग्राम देवरच्चा में गुरुवार को संकुल स्तरीय बाल मेला एवं पंचायत विभाग ने जनजातीय गौरव दिवस आयोजित किया।



मुख्य अतिथि सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी गिरेंद्र कुमार सुधाकर थे। अध्यक्षता सरपंच मदन केलकर ने की। विशिष्ट अतिथि विकास खंड श्रोत समन्वयक डीके शर्मा, सेवानिवृत बीआरसी सतीश श्रीवास्तव, बीआरपी श्री रामटेके, संकुल समन्वयक गंगू टंडन, दामोदर वर्मा, उत्तम यादव थे। शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा की पूजा से किया गया। मुख्य अतिथि ने जनजातीय समाज के लोगों से नशा से दूर रहने एवं बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आव्हान किया। भुवन नेताम ने बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। जनजातीय गौरव दिवस एवं बाल मेला के आयोजन में अजय श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। बच्चों ने बाल मेला में विभिन्न स्टॉल लगाए। स्टॉल लगाने में शिक्षक जगदीश देवांगन एवं रोशनलाल साहू ने सहयोग दिया। इस मौके पर प्राचार्य विनोद कुमार गंगासागर आदि उपस्थित थे। संचालन सूरज भान ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में शेख अमीरूल मुश्दिक, रूपेश देशमुख, दुलेश्वरी ठाकुर, सविता कैवर्त आदि मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### ग्राम बानो से कान्हाभैरा तक बनेगी नई सड़क

**कवर्धा।** ग्राम बानो से कान्हाभैरा तक की 7 किलोमीटर जर्जर सड़क के नवीनीकरण का कार्य जल्द शुरू होगा। इस सड़क परियोजना के लिए नाबार्ड से 5 करोड़ 43 लाख रुपए का ऋण स्वीकृत किया गया है। इस राशि से सड़क की मरम्मत व पुनर्निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। यह सड़क न केवल ग्राम बानो व कान्हाभैरा को जोड़ती है, बल्कि आसपास के कई अन्य गांव के लिए महत्वपूर्ण है।

# समर्थन मूल्य के अलावा किसानों के जूट बारदानों पर मिलेगा 25 रुपए का अतिरिक्त भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राज्य शासन ने किसानों के हित में धान खरीदी प्रक्रिया को अधिक लाभकारी और पारदर्शी बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। खाद्य सचिव अंबलगन पी ने सभी जिलों के कलेक्टरों और संबंधित अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में यह जानकारी दी कि इस वर्ष किसान अपने अच्छे जूट बारदानों का उपयोग धान विक्रय में कर सकते हैं। इसके लिए किसानों को प्रति बारदाना 25 रुपए का अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा। उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 की राज्य शासन द्वारा सुचारू रूप से की जा रही धान खरीदी व्यवस्था की गहन समीक्षा की। खाद्य सचिव ने कलेक्टरों को निर्देश दिया कि किसानों को जूट बारदाने के इस अतिरिक्त भुगतान की जानकारी समितियों और ग्राम स्तर के प्रभारी अधिकारियों के माध्यम से दी जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को उनके अधिकार की पूरी जानकारी मिले और वे इस योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि किसानों को धान खरीदी में आवश्यक परेशानियां नही होनी चाहिए। प्रदेश के सरहदी जिले में धान के अवैध परिवहनों पर कड़ी निगरानी रखे और इनसे जुड़े लोगों पर तत्परता से कार्यवाही करें। सूचना तंत्र मजूबत बनाए।इसके साथ ही, सचिव ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मिलरों द्वारा उठाए गए धान के चावल को 30 नवंबर 2024 तक एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम के संबंधित केंद्रों में जमा करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।



### कबीरधाम जिले में धान खरीदी की प्रगति

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने वीडियो कॉफ्रेंस बैठक में बताया कि जिले में 108 धान खरीदी केंद्रों के माध्यम से अब तक 8217 पंजीकृत किसानों से 4,09,600.40 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। आगामी 25 नवंबर 2024 को सभी खरीदी केंद्रों पर 2767 टोकन (1375 टोकन समितियों द्वारा और 1392 टोकन तुहार हाथ एप्प के माध्यम से) जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से 1,34,747.60 क्विंटल धान की खरीदी होगी। इस वर्ष जिले में 7280 नए किसानों ने पंजीकरण कराया है। अब तक कुल 1,24,787 किसानों ने अपने 1,24,411 हेक्टेयर रकबे में उपजाए गए धान को समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए पंजीकरण कराया है।

### धान खरीदी केंद्रों पर विशेष व्यवस्थाएं

कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि धान खरीदी प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए किसानों के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। इन व्यवस्थाओं के तहत सभी धान खरीदी केंद्रों पर कंप्यूटर, प्रिंटर, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन और सीसी कैमरे लगाए गए है, जहां नही लग पाए वहां लगाई जा रही है। इसके साथ ही धान खरीदी के केंद्रों में छाया, शुद्ध पेयजल, शौचालय और बैठने की उचित व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। खरीदे गए धान को सुरक्षित रखने के लिए डनेज और तारपोलिन की व्यवस्था की गई है।

**अनदेखी:** भ्रष्टाचार का निवाला बन गई पीएम का स्वच्छ भारत मिशन

# जिले में ग्रामीण अंचलों का स्वच्छ भारत मिशन कचरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शानदार सोच और अति महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल स्वच्छ भारत मिशन का जिले में ढ़िढौरा तो खूब पीटा गया लेकिन जिले के संबंधित विभाग और उनके अधिकारियों ने इन शासनदार मिशन को भी अपने भ्रष्टाचार का निबाला बना लिया। जिसकी जूठन अब जिले के गांव-गांव में बिखरी नजर आ रही है।

गौरतलब है कि केन्द्र की मोदी सरकार की मंशा के अनुरूप समूचे जिले को साफ सुथरा और स्वच्छ रखने के नाम पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्राप्त मदों से जिले की जिला पंचायत, जनपद पंचायतों, नगर पंचायतों व नगर पालिका द्वारा करोड़ों रूपए की राशि खर्च कर कचरा पेटी युक्त साइकिल का क्रय किया गया था।

जिन्हें जिले की ग्राम पंचायतों में आबादी और क्षेत्र के हिसाब से बांटा गया था। ताकि ग्राम पंचायतों में घरों व दुकानो से निकलने वाले कचरा का संकलन कर उसका उचित प्रबंधन किया जा सके और गांव स्वच्छ, साफ-सुथरा बने रहे। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों ने शासकीय धन राशि से कचरा पेटी युक्त साइकिल की खरीदी में तो खूब रूची दिखाई और जमकरकर कमीशन खोरी भी कि लेकिन जहां तक इस कचरा पेटी युक्त साइकिल के उपयोग की बात तो इस पर न तो संबंधित विभाग ने रूचि ली और न ही ग्राम पंचायतों ने इसका सद्उपयोग किया नतीजन आज कचरा पेटी युक्त साइकिल खुद कचरे में पड़ी हैं।

इसकी बानगी जिले के ग्राम छिरहा से लेकर कई ग्राम पंचायतों में साफ देखी जा सकती है।








### लोगों को रोजगार भी मिलता और मिशन का क्रियान्वयन भी होता

माना जा रहा है कि अगर शासन-प्रशासन तथा संबंधित विभाग और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि थोड़ी रूची दिखाते तो ग्रामीण वा शहरी इलाकों में बेरोजगार महिला या पुरुष वर्ग को कचरापेटी युक्त साइकिल सौंपकर अगर कचरा संकलन कर कार्य दिया जाता तो कई लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलते और गांवों में साफ सफाई भी बनी रहती। लेकिन गांवों में बिजली, सड़क, नाली और साफ सफाई के लिए प्राप्त15 वें वित्त से खरीदी गई यह कचरा पेटी युक्त साइकिल अब कबाड़ हो चुकी है जिनका कोई उपयोग नहीं है।

# एक ही इलाके में पहुंचे हाथी और बाघ

## बाघ ने सीमावर्ती एमपी के गांवों में फिर किया बछिया का शिकार





■ क्षेत्र के लोगों में दिख रही है भारी दहशत, कर रहे रतजगा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बीते कई दिनो जिले के सीमावर्ती ग्रामीण ईलाकों में विचरण कर रहे जंगली हांथी और बाघ अब विकासखण्ड पंडरिया से लगे मध्यप्रदेश के सीमावर्ती गांव में पहुंच गए हैं और चहलकदमी कर रही है। बीते शुक्रवार की रात चार सदस्यीय जंगली हाथी के दल की लोकेशन पंडरिया विकासखण्ड से लगे मध्यप्रदेश के सीमावर्ती ग्राम पंडरीपानी में ट्रेस की गई है जबकि बाघ भी विकासखण्ड पंडरिया से लगे मध्यप्रदेश के ठाड़पथरा के आसपास पहुंच गया है। जहां विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम बकरीपानी, निगड्डा, भेलकी लगे हुए हैं। बताया जाता है कि अभी दो रोज पूर्व तक बाघ विकासखण्ड बोड़ला से लगे मध्यप्रदेश के सीमावर्ती ग्राम बंजरा में था और अब विकासखण्ड पंडरिया से लगे मध्यप्रदेश के गांव में पहुंच गया है जहां पहले से चार सदस्यीय हाथियों का दल बीते करीब हप्ते भर से डेरा डाले हुए और उत्पात मचा रहे हैं। ऐसे में जहां मध्यप्रदेश और पंडरिया के सीमावर्ती ग्रामों में निवासरत ग्रामीणों की सांसे अटकी हुई है और उनमें पहले कहीं ज्यादा दहशत देखने को मिल रही है। क्षेत्र से निकलकर आ रही खबरों के मुताबिक हाथियों के दल द्वारा मध्यप्रदेश के पंडरीपानी सहित आसपास के ईलाकों में भारी उत्पात मचाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक यहां हांथी जहां ग्रामीणों के कच्चे मकानो को नुकसान पहुंचा रहे हैं वहीं ग्रामीणों की फसलों को भी चट कर रहे हैं। वहीं बाघ ने शनिवार की सुबह ग्राम ठाड़पथरा निवासी संभर पिता गुलौआ बैगा की एक बछिया का शिकार किया है। इस वन्यप्राणियों के इस उत्पात की खबरों को सुनकर पंडरिया के सीमावर्ती ग्राम बकरीपानी, निगड्डा, भेलकी के ग्रामीणों की भी सांसे थम गई है और उनमें भारी दहशत व्याप्त है।

### कभी भी दाखिल हो सकते हैं पंडरिया के गांवों में

बताया जाता है कि मध्यप्रदेश के सीमावर्ती ग्राम ठाड़पथरा और पंडरीपानी पंडरिया की सीमा से लगे हुए हैं ऐसे में इस बात की आशंका बनी हुई है कि हांथी और बांघ कभी भी पंडरिया के सीमावर्ती ग्रामों में दाखिल हो सकते हैं तथा जिस ढंग का उत्पात वे मध्यप्रदेश के सीमावर्ती ग्रामों में मचा रहे है वैसा ही कुछ वे पंडरिया के सीमावर्ती ग्रामों में भी कर सकते हैं। यही वजह है कि अंचल के ग्रामीणों में दहशत देखी जा रही है और वे कड़ाके की ठंड में भी रतजगा कर रहे हैं।

### वन विभाग रखा है नजर

वन विभाग की माने तो वह लगातार हाथियो और बाघ की लोकेशन पर नजर रखे हुए है। वहीं उसने सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र में बाघ तथा हांथियों की मौजूदगी के संबंध में मुनादी भी करा दी है तथा ग्रामीणों को अंधेरा गहराने के बाद घरों से बाहर न निकलने तथा जंगलों की तरफ न जाने की समझाईश दी है। हालांकि राहत की बात यह है कि अभी बाघ पंडरिया की सीमा में दाखिल नहीं हुआ है, जबकि हांथी जरूर कुछ दिन पूर्व पंडरिया के चेंदरादादर तथा भेलकी तक पहुंच गए थे लेकिन वे फिर वापस मध्यप्रदेश के ग्राम पंडरीपानी लौट गए। कुल मिलाकर पंडरिया के सीमावर्ती ग्रामीणों में इस समय बाघ और जंगली हाथियों की दहशत साफ देखी जा रही है।

# लाखों के उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव में लाखों रूपए की लागत से नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कराया गया है। जो बनकर लगभग तैयार हो चुका है। हालांकि अभी तक भवन का लोकार्पण नहीं किया गया है। लेकिन लाखों की लागत से बनकर तैयार किए गए इस उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन में पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण नहीं किया गया है। जिसके आभाव में भविष्य में उप स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में भारी गंदगी और मच्छर, मक्खी तथा बदबू फैलने की आशंका बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक ग्राम कोलेगांव में बने इस नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन में निर्मित शौचालाय, बाथरूम आदि में लगे नलों से निस्तारी के पानी को भवन से बाहर निकालने के लिए बकायदा पाईप लगाए गए हैं और इन पाईपों का मुंह अस्पताल परिसर में बाहर की तरफ खोल दिया गया है। जहां पानी की निकासी के लिए न तो नाली की व्यवस्था है और न ही निस्तारी के इस गंदे पानी की निस्पादन की कोई दूसरी व्यवस्था। ऐसे में निश्चित रूप से यह गंदा पानी अस्पताल परिसर में ही जमा होगा और कुछ ही दिनो में यहां गंदे पानी का ताल निर्मित हो जाएगा। जो न सिर्फ इस नवनिर्मित लाखों के भवन को भी नुकसान पहुंचाएगा बल्कि इस गंदे पानी की सड़ाध अस्पताल के मरीजों और स्टाप को भी हलाकान तथा परेशान करेगी। इसके अलावा इस गंदे पानी में पनपने वाले मच्छर मक्खियों से सक्रामक बीमारी के फैलने का खतरा भी हमेशा बना रहेगा। इन तमाम समस्याओं और आशंकाओं को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने संबंधित विभाग, प्रशासन तथा ग्राम पंचायत से निस्तारी के पानी की उचित निकासी का व्यवस्था भवन के लोकार्पण पूर्व किए जाने की मांग की है।



# नेशनल लोक अदालत आगामी 14 दिसम्बर को

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नेशनल लोक अदालत आगामी 14 दिसम्बर को आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों की समीक्षा हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे द्वारा शुक्रवार को जिला न्यायालय परिसर के अपने कक्ष में बैठक ली।

बैठक में जिले के न्यायिक अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरण चिन्हांकित करने, प्री-सिटिंग एवं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार कराने एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के पंजीयन के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के सचिव राहुल कुमार को निर्देशित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से न्यायिक अधिकारी सहित कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर, विद्युत विभाग के अधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि दीवानी एवं फौजदारी दोनों ही प्रकार के विवादित लम्बित प्रकरणों में सुलह-समझौतें के माध्यम से विवाद प्रकरण का निराकरण राजीनामा से हो सकता है, जिससे दोनों पक्षों के समय और पैसे की बचत तो होगी ही साथ ही हमेंशा के लिए आपसी बैर भी समाप्त हो जाता है। प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व वाद) प्रकरणों का निराकरण भी नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया जा सकता है।

प्रायः इसमें वसूली योग्य प्रकरण, आपसी लेनदेन के विवाद, जमीन-जायदाद के विवाद भी प्रीलिटिगेशन के तौर पर रखा जाकर राजीनामा से निराकृत किए जा सकते हैं।

## बैठक आयोजित...



**कवर्धा।** आगामी 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित।

## बूथ अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न



**कोलेगांव।** शक्ति केंद्र कोलेगांव के बूथ क्रमांक 197 अंतर्गत ग्राम भगतपुर बूथ अध्यक्ष का चुनाव राष्ट्रीय नेतृत्व प्रदेश के आवाहन पर जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, भाजपा कुण्डा मंडल चुनाव अधिकारी सह चुनाव अधिकारी मुकेश ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में महापर्व का अभियान अंतर्गत प्रत्येक बूथ में बूथ समिति का चुनाव हो रहा है, जिससे ग्राम भगतपुर बूथ क्रमांक 197 में बूथ कमेटी का चुनाव संपन्न हुआ। शक्ति केंद्र कोलगांव के चुनाव अधिकारी भाजपा के वरिष्ठ व चुनाव में सहयोगी शक्ति केंद्र के प्रभारी डॉ संतोष साहू एवं विकास पांडेय द्वारा सर्व सहमति से चुनाव कराया गया, जिसमें भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता घनश्याम चंद्रवंशी को दूसरी बार बूथ अध्यक्ष सर्व सहमति से चुना गया एवं राकेश चंद्रवंशी को बूथ सचिव बीएलए -2 दिलीप चंद्रवंशी व युवा प्रमुख मुकेश चंद्रवंशी को चुना गया। इस अवसर पर डॉ संतोष साहू, विकास पांडेय, ओम यदु, दिनेश चंद्रवंशी, रामपाल चंद्रवंशी, रोहित चंद्रवंशी, कपिल चंद्राकर, सुरेश दुबे, मुकेश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, लवलेश चंद्रवंशी, वीरेंद्र चंद्रवंशी, हीरालाल चंद्रवंशी, रामप्रसाद चंद्रवंशी, मनोहर चंद्रवंशी, परमेश्वर चंद्रवंशी, दिवेश चंद्रवंशी, रामानंद यादव, उमेद चंद्रवंशी, दिनेश यादव, पप्पू यादव, निरंजन साहू व अशोक साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

**कबीरधाम जिले में 5 वर्ष के बच्चों को मिलेगा जीवनरक्षक संरक्षण**

# निमोनिया से बचाव के लिए सांस अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में निमोनिया से बचाव और जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सांस (सोशल अवेयरनेस एंड एक्शन टू न्यूट्रलाइज न्यूमोनिया सक्सेसफुली) अभियान 12 नवम्बर 2024 से शुरू होकर 28 फरवरी 2025 तक चलाया जा रहा है। इस अभियान का लक्ष्य 0-5 वर्ष के बच्चों को निमोनिया से बचाने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना और इसके लक्षण, कारण तथा उपचार के उपायों की जानकारी प्रदान करना है। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह पहल इसलिए अहम है क्योंकि पांच साल तक के बच्चों की मृत्यु का एक बड़ा कारण निमोनिया है। इस अभियान के तहत न्यूमोकोकल कान्जुगेट वैक्सीन (पीसीवी) के महत्व को समझाया जा रहा है और टीकाकरण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज के नेतृत्व में जिले के स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जुही सोनवानी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनामिका पटेल और डॉ मुकुंद राव आरएमएनसीएचए ने प्रशिक्षण में निमोनिया की रोकथाम और उपचार के तरीकों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और नेबुलाइजर के उपयोग के साथ पोषण और स्वच्छता के महत्व पर जोर देने कहा गया। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि निमोनिया को न्यूमोकोकल कान्जुगेट वैक्सीन (पीसीवी) के नियमित टीकाकरण से रोका जा सकता है। बच्चों को यह टीका 6 सप्ताह, 14 सप्ताह और 9 वें महीने में लगाया जाता है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर निमोनिया से बचाव के उपायों और टीकाकरण की जानकारी साझा करेंगी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि सांस अभियान के माध्यम से जिले के बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ रखने का यह प्रयास प्रशंसनीय है। आइए, मिलकर इस जनहितकारी पहल को सफल बनाएं। सर्दियों के मौसम में निमोनिया का खतरा बढ़ जाता है। यह फेफड़ों को संक्रमित करता है, जिससे सूजन और गंभीर मामलों में पानी भरने की समस्या हो सकती है। इसके बचाव के लिए जागरूकता और समय पर टीकाकरण सबसे प्रभावी उपाय हैं।





online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411